हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● मंगलवार ● 30.07.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 11 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया



## एक नजर

### अंबा प्रसाद ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का मामला सदन में रखा

**बड़कागांव** : झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को बड़कागांव कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने शून्यकाल के माध्यम से आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं का मामला सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022 में आंगनबाड़ी सेवा शर्त नियमावली 2 माह के भीतर लागू करने हेतु आश्वस्त किया गया था। परंतु अभी तक नियमावली लागू नहीं हुआ है। वहीं झारखंड प्रदेश के आंगनबाड़ी सेविका सहायिका कर्मचारी संघ सात सूत्री मांग को पूरा करने हेतु लगातार आंदोलनरत है। सरकार से उन्होंने मांग किया कि आंगनवाड़ी सेविका सहायिका सेवा शर्त नियमावली को लागू करते हुए सेविकाओं को प्रतिमाह 20 हजार तथा सहायिकाओं को 15 हजार प्रत्येक माह मानदेय भुगतान करने समेत 7 सूत्री मांगों को पूर्ण किया जाए।

### चौपारण में लहकते ट्रक में जलने से उपचालक की मौत

**चौपारण** : प्रखण्ड में लगातार दूसरे दिन भी दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। जिसमें ट्रक के उपचालक का जिंदा जलने से दर्दनाक मौत हो गया। घटना जीटी रोड के लोहावर स्थान के पास घटी। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि जीटी रोड के किनारे खड़े एक हाइवा में ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से ट्रक में अचानक आग पकड़ लिया। आग पकड़ने के बाद ट्रक का चालक किसी तरह से बाहर निकल कर जान बचा लिया। वहीं उपचालक ट्रक में ही दबे होने के कारण बाहर नहीं निकल सका और वह गाड़ी में ही जिंदा जल गया। रात व घाटी होने के कारण वहां मौजूद लोग चाहकर भी मदद नहीं कर पाए। कुछ लोग जिसका वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया में शेयर किया। मृतक का पहचान पिंटू यादव पिता सुदामा गोप पंचायत नवाडीह ग्राम नवाडीह पोस्ट सबलपुर थाना सरिया सबलपुर, गिरीडीह झारखंड के रूप में हुआ। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन के देखरेख में आपदा मित्र एम्बुलेंस के चालक शक्ति कुमार चंद्रवंशी ने साहस दिखाते हुए जिंदा जले व्यक्ति के कंकाल व जले मांस को अपने हाथों से एकत्रित किया। और उसे उसके घर गिरीडीह पहुंचाया।

### पांडू पंचायत में कांग्रेस बूथ कमेटी का हुआ पुनर्गठन

**केरेडारी** : प्रखंड क्षेत्र के पांडू पंचायत में कांग्रेस कमेटी की बैठक दिन सोमवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत कांग्रेस के अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज व संचालन प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज मौजूद रहे। इस दौरान पंचायत स्तरीय बूथ कमेटी का गठन किया गया, वहीं विधायक अंबा प्रसाद द्वारा विधायक निधि से अनुशंसित एवं क्रियान्वित योजना की प्रगति पर समीक्षा हुई व कई विकास कार्यों में तेजी लाने का प्रस्ताव पारित हुआ। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय विधायक के नेतृत्व में हर वर्ग का ख्याल रखा जा रहा है। कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने कहा कि बूथ स्तर पर योजनाओं का हुआ है क्रियान्वयन, आगामी चुनाव में भारी मतों से चुनाव जीतेंगे व पुनः अंबा प्रसाद को विधायक बनाएंगे। मौके पर मुख्य रूप से मोहम्मद इम्तियाज आलम, मोहम्मद दाऊद अंसारी, राजेंद्र प्रजापति, धीरेंद्र साव, पिंकू साव, विजय ओझा, मोहम्मद सुलेमान, मोहम्मद हफीज अख्तर, बेनजीर बानो, तपेश्वर ओझा, मोहम्मद याकूब सहित कई महिला पुरुष मौजूद थे।

# अदाणी फॉउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच सोमवार को निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। ह्यप्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत छः महीने के ईलाज के दौरान रोगियों को हर माह पोषक आहार प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर हजारीबाग के जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ राजकिशोर जयसवाल ने कहा, अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय और प्रेरक है। अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। यह तीसरा चरण है, जिससे बहुत सहायता मिली है। हजारीबाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर जयराम कुमार ने बताया, अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 130 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जो अब स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, तीसरे दूसरे चरण के तहत अब 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किए जाएंगे। टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधिकारियों ने मरीजों को बताया कि पोषण किट के आहारों की गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाई गयी है। मरीजों से कहा गया कि दवा के अतिरिक्त जो पोषण आहार उन्हें मिल रहे हैं उनका नियमित रूप से सेवन किया जाना चाहिए ताकि जल्द से जल्द टीबी को ठीक किया जा सके। अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी और टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए इससे छुटकारा मिल सकता है। अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश हो रही है। जिसमें अच्छे चिकित्सकीय लाभ के के लिए क्षेत्र में लगातार निःशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जाए रहे हैं। जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे तक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ-साथ प्रखंड के युवाओं के रोजगार के लिए भी अदाणी फॉउंडेशन ने सार्थक पहल शुरू की है, जिसके तहत युवाओं को सेना, पैरामिलिट्री, अग्निवीर और पुलिस बहाली के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## डीआईजी सुनील भास्कर ने बड़कागांव एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक सुनील भास्कर ने सोमवार को बड़कागांव एसडीपीओ कार्यालय का कार्यालय निरीक्षण किया। उपमहानिरीक्षक सुनील भास्कर के पहुंचते ही बड़कागांव पुलिस के द्वारा पैरेड के माध्यम से सलामी दिया गया। जिसके बाद उपमहानिरीक्षक सुनील भास्कर बड़कागांव अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ बड़कागांव, बड़कागांव थाना, केरेडारी थाना, डाडीकला, उरीमारी, गिद्दी बड़कागांव सर्किल के पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने क्षेत्र में हो रहे अपराधी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए के महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। क्षेत्र में अपराध मुक्त क्षेत्र बनने पर जोर दिया गया। इसके अलावा डीआईजी ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए साथ ही उन्होंने लंबित नक्सल मामलों की समीक्षा की और शीघ्र निपटारा करने को कहा। पत्रकारों को बताया कि क्षेत्र के सभी लंबित आपराधिक मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है, साथ ही साथ भविष्य में पूर्व की तरह नक्सलीयो द्वारा घटना ना घटित हो जिसको लेकर सभी पदाधिकारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव में अपराधिक घटनाएं घटी है जिसको लेकर छानबीन कर जल्द खुलासा किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव एसडीपीओ कुलदीप कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार, उरीमारी प्रभारी रामकुमार राम, डाडी कला प्रभारी पिंटू कुमार, गिद्दी थाना प्रभारी कुंदन कुमार, बड़कागांव जेएसआई आशीष भगत, एसआई सावित्री कुमारी,जेएसआई इंद्रजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भारत पर्यटन कोलकाता फील्ड ऑफिस झारखंड ने हेरिटेज वाक का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : 46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में भारत की विविध और अनूठी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को दुनिया के सामने पेश किया जा रहा है। 21 से 31 जुलाई 2024 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व विरासत समिति के 46 वें सत्र का आयोजन जारी है। इसकी मेजबानी भारत पहली बार कर रहा है। इसी श्रृंखला में समूचे देश में पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा भारत की प्रमुख धरोहर एवं ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत भारत पर्यटन, कोलकाता के मार्गदर्शन में फील्ड ऑफिस झारखंड, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सोमवार को संस्कृति म्यूजियम एंड आर्ट गैलरी, हजारीबाग, झारखंड में हेरिटेज वॉक एवं सोहराई एवं कोहबर चित्रकला की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जवाहर नवोदय विद्यालय बोंगा, हजारीबाग के युवा पर्यटन क्लब के छात्र सदस्यों एवं शिक्षक समन्वयक ने भाग लिया। छात्र-छात्राओं के साथ देश के विरासत और धरोहर को संरक्षण करने पर चर्चा हुई। साथ ही छात्र-छात्राओं को देश के विरासत और उससे जुड़े इतिहास पर भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में झारखंड की विरासत और संस्कृति की जानकारी छात्रों को दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, रांची मण्डल के सहायक अधीक्षण पुराविद डॉ नीरज कुमार मिश्र एवं सहायक अधीक्षण पुराविद डॉ मो अजहर साबिर, सहायक पुराविद उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में संस्कृति म्यूजियम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यशाला में उपस्थित सदस्यों, युवा पर्यटन क्लब के सदस्य एवं टूर एंड ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सदस्य को प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

## ट्रकों को लोडिंग नहीं दिए जाने के खिलाफ ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने किया चक्का जाम




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : चतरा जिले के आम्रपाली कोल खनन परियोजना एवं मगध कोल खनन परियोजना में स्थानीय ट्रैकों को दी जा रही प्राथमिकता के खिलाफ हजारीबाग ट्रक एसोसिएशन के द्वारा चक्का जाम किया है। वहां के लोकल ट्रको को हजारीबाग में रोका गया, जिससे लंबी लाइन लग गई । ट्रक ओनर एसोसिएशन का आरोप है कि स्थानीता के नाम पर वहां लूट मचा है, एवम हजारीबाग जिले के ट्रैको को लोडिंग नही दी जा रही, साथ ही यहां की गाड़ियों के ड्राइवर के साथ मारपीट एवं कई बार गाड़ियों की शीशे भी फोड़ दी गई। जिससे नाखुश हजारीबाग के ट्रक ओनरों के द्वारा वहां के ट्रकों को हजारीबाग में निमार्णाधीन रिंग रोड पर रोक दिया गया ,जिसके कारण ट्रैको की लंबी कतार रिंग रोड पर लग गई । मामले के बारे में पूछे जाने पर हजारीबाग ट्रक एसोसिएशन के नेतृत्वकर्ता प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि हमारी मांगों को लेकर जब तक संबंधित पदाधिकारी स्थल पर आकर वार्ता करते हुए हमारी मांगे नहीं पूरी करते हैं तब तक विरोध अनवरत जारी रहेगा।

## इटखोरी का इशान गौतम बना झारखंड स्टेट चैंपियन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**इटखोरी** : 14 वां झारखंड राज्य जूनियर एवं सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता आज खेलगाँव स्थित वीर बुद्धू भगत एक्वेटिक स्टेडियम में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता 26 जुलाई से 28 जुलाई के बीच चला जिसमें झारखंड के सभी डिस्ट्रिक्ट के सर्वश्रेष्ठ तैराकों ने हिस्सा लिया। टाटा स्टील स्विमिंग क्लब, जमशेदपुर के इशान गौतम सिंह ने इस प्रतियोगिता में 5 इंडिविजुअल गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड के बेस्ट स्विमर का खिताब जीता। लड़कियों के ग्रुप में ये खिताब रिधिमा पल्लवी तिवारी को गया।टाटा स्टील स्विमिंग टीम ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ टीम का खिताब जीता। इशान चतरा ज़िले में इटखोरी प्रखंड के एक छोटे से गाँव असढ़िया का रहने वाला है। उसके पिता कतर की राजधानी दोहा में अल जजीरा चैनल में पत्रकार हैं। इशान तैराकी की ट्रेनिंग वहीं आयरिश कोच मार्टिन जे मैकगन के अंदर ले रहा है। उसके कोच का कहना है कि इशान जल्दी ही भारत का प्रतिनिधित्व ओलंपिक में करेगा। इशान अब 6 अगस्त से भुवनेश्वर में शुरू हो रहे जूनियर एवं सब जूनियर राष्ट्रीय स्विमिंग प्रतियोगता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा।

# एनटीपीसी पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को मिला पैन इंडिया का खदान सुरक्षा पुरस्कार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बड़कागांव** : एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी-बरवाडीह कोयला खनन परियोजना को पहले पैन इंडिया स्तर खदान सुरक्षा पुरस्कार (एमएसए-2024) में बड़े ओपनकास्ट कोयला खदान श्रेणी में तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम, जो खान सुरक्षा महानिदेशालय के तहत आयोजित किया गया। उद्देश्य कोयला, धातु, तेल और गैस क्षेत्रों में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं को प्रदर्शित करने वाली खानों को पहचानना और पुरस्कृत करना था। डीजीएमएस द्वारा गठित एक समिति ने विभिन्न क्षेत्रों की खानों को उनकी सुरक्षा प्रथाओं, वार्षिक मात्रा और डीजीएमएस द्वारा आयोजित खान सुरक्षा सप्ताहों में उनके पिछले प्रदर्शन के आधार पर चयनित किया। पकरी-बरवाडीह कोयला खदान की इस सूची में शामिल होना इसके उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों और निरंतर प्रदर्शन को रेखांकित करता है। सभी चयनित खानों, जिसमें पकरी-बरवाडीह भी शामिल है। निरीक्षण डीजीएमएस के वरिष्ठ सदस्यों, कोल इंडिया की सहायक कंपनियों के जीएम स्तर के अधिकारियों, और निजी कोयला कंपनियों के वीपी स्तर के अधिकारियों की एक टीम द्वारा किया गया। इस मूल्यांकन टीम ने 18 जुलाई, 2024 को पकरी-बरवाडीह कोयला खदान का निरीक्षण किया।निरीक्षण और खानों के चयन के आधार पर कोलकाता के बिस्वा बांग्ला सम्मेलन केंद्र में पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष, एनटीपीसी के निदेशक (ईंधन), सीआईएल की सहायक कंपनियों के सीएमडी और निदेशक, एनएमडीसी, एमओआईएल, एचसीएल, सेल, यूसीआईएल के सीएमडी और निदेशक और टाटा स्टील और हिंडालको जैसी प्रमुख निजी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।गौरव के इस पल में, प्रभात कुमार, खान महानिरीक्षक और डीजीएमएस के महानिदेशक ने एनटीपीसी के निदेशक (ईंधन) और एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड (एनएमएल) के अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव और पकरी-बरवाडीह परियोजना के प्रमुख फैज तैयब को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया। उनके साथ चंद्र शेखर, खान एजेंट, टीएसएमपीएल के निदेशक (संचालन) और कोयला खनन मुख्यालय और टीएसएमएल के वरिष्ठ अधिकारी भी पुरस्कार ग्रहण करने में शामिल थे। अपने संबोधन में प्रभात कुमार ने एनटीपीसी की दृढ़ प्रतिबद्धता को मजबूत सुरक्षा संस्कृति बनाए रखने और सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं को लागू करने के लिए सराहा। इस मौके पर एनटीपीसी के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव ने कहा, इस प्रकार के प्रयास खनन उद्योग में सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त ने गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**हजारीबाग** : अंतराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कोलघट्टी निवासी आराध्या राय, कार्मेल स्कूल हजारीबाग की कक्षा 2 की छात्रा के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आराध्या राय ने कोलकाता इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुए 8वां कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके पूर्व भी आराध्या ने रांची में झारखंड सब जूनियर कैडेट कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। उपायुक्त आराध्या को प्रशस्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दी तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### पत्रकार आशीष सिन्हा बने चित्रगुप्त मंदिर जीर्णोद्धार समिति हजारीबाग के युवा अध्यक्ष



**हजारीबाग** : श्री चित्रगुप्त मंदिर छठ तालाब स्थित मंदिर प्रांगण में एक बैठक का आयोजन किया गया इस बैठक में मंदिर कमेटी के लोग के साथ शहर के वरीय और युवा वर्ग के कायस्थ लोग शामिल हुए। इस बैठक में श्री चित्रगुप्त मंदिर जिर्णोद्धार को लेकर वार्ता की गई साथ ही साथ मंदिर जिर्णोद्धार के लिए युवा कमेटी का भी विस्तार किया गया। इस बैठक में आए वरिष्ठ कायस्थ वा युवा कायस्थ चित्रांशो के द्वारा अपनी-अपनी बातों को रखा गया। यहां हम बता दे की भारत देश में मध्य प्रदेश के विदिशा में पहला मंदिर ऐसा है। जहां कायस्थों के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त महाराज अपने 12 वंशज के साथ विराजमान है वही अब झारखंड बिहार का पहला वा हजारीबाग में यह देश का दूसरा मंदिर होगा जहां श्री चित्रगुप्त भगवान अपनी 12 बेटों के साथ विराजमान होंगे। मंदिर निर्माण में सभी कायस्थ समाज के लोगो से आग्रह किया गया है की इस मंदिर निर्माण अपना सहयोग बढ़ चढ़ कर करे। बैठक में मंदिर कमेटी विस्तार किया गया। जिसमे युवा पत्रकार आशीष सिन्हा को युवा अध्यक्ष बनाया गया मौके पर बनाए गए युवा अध्यक्ष आशीष सिन्हा ने कहा की मेरे लिए गर्व की बात है मंदिर निर्माण के लिए मुझे युवा अध्यक्ष बनाया गया है आने वाले समय में मेरी भागेदारी सबसे आगे होगी मंदिर कमेटी के द्वारा आशीष सिन्हा को युवा अध्यक्ष बनाए जाने के उपरांत रामचरित मानस किताब दे कर सम्मानित किया गया।

### खेलो विधानसभा, हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट की अंतिम तैयारी को लेकर हुई समीक्षा



**हजारीबाग** : भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता के सौजन्य से आगामी 04 अगस्त से खेलो विधानसभा, हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट – 2024 का आयोजन की अंतिम तैयारी को लेकर कॉलेज मोड स्थित न्यू स्टेडियम में टूर्नामेंट में शामिल सभी पंचायत की फुटबॉल टीम के कप्तान तथा उपकप्तान के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता की उपस्थिति में समीक्षात्मक बैठक का संचालन हुआ। बैठक में सभी टीमों का सर्वेक्षण किया गया। इस दौरान टुर्नामेंट की नियम व शर्तें रखा गया। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि युवाओं की मांग खेलो विधानसभा, हजारीबाग फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह सदर विधानसभा के सदर, कटकमसांडी, कटकमदाग एवं दारू प्रखण्ड में आयोजित होगा। जिसकी शुरूआत 04 अगस्त से कर्जन ग्राउंड से प्रारंभ होगा। मौके पर विशेष रूप से आलोक कुमार, कोलेश्वर गोप, मुकेश गुप्ता, राजू कुमार, दिलीप यादव, मनीष कुमार, मंसूर आलम, शशि कुमार एवं अशोक कुमार सहित कई लोग शामिल रहे।

### गरजामो से हज-ए-उमरा को लेकर जायरीन हुए रवाना



**बरही** : बरही प्रखंड के गरजामु स्थित पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो कयूम की मौसी मसोमात सादिमा खातून पति स्व. वाहिद अली हज-ए उमरा के लिए रवाना हुए। जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मक्का मदीना शरीफ पहुंच कर अमन चैन की दुआ मांगने की दरख्वास्त की। परिजनों व कस्बे वासियों ने फूल माला पहनाकर उन्हें विदा किया। लोगों ने हज-ए-उमरा पर जाने वालों के घर पहुंचकर माला पहनाकर उनका सम्मान किया और अपने हक में दुआ मांगने की अपील की। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने बताया कि साल में एक बार हज किया जा सकता है। लेकिन उमरा साल में कभी भी किया जा सकता है। मक्का, मदीना शरीफ की यात्रा नसीब वालों को ही मिलती है। इस दौरान पूर्व जीप सदस्या मुनेजा खातून, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, पंसस रमजान अंसारी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा जिलाध्यक्ष से मिलने पहुंचे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**बरही** : बीतें दिनों सड़क दुर्घटना में भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह घायल हो गए थे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव उनके मुलाकात करने हजारीबाग उनके आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने उनका कुशल क्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। गणेश यादव ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष के शीघ्र स्वस्थ हो ताकि पार्टी के जिम्मेवारियों का निर्वहन बखूबी करते रहे। मौके पर भाजपा महिला नेत्री शेफाली गुप्ता समेत अन्य भाजपाई मौजूद थे।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 30.07.2024 ● वर्ष : 15 ● अंक : 11 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका खारिज



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मुकदमे में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत देने के झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी की याचिका खारिज करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय का फैसला बहुत ही तर्कसंगत है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं। हम स्पष्ट करते हैं कि उच्च न्यायालय की ओर से की गई टिप्पणियों का निचली अदालत में (इस मामले में) सुनवाई करते समय कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ईडी ने उच्च न्यायालय के 28 जून के जमानत आदेश की वैधता पर सवाल उठाते हुए शीर्ष न्यायालय में अपील की थी। ईडी की याचिका में दलील दी गई थी श्री सोरेन को जमानत देने वाला उच्च न्यायालय का आदेश 'अवैध' था और उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी कर गलती की कि उनके (मुख्यमंत्री) खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद जमानत का आदेश पारित किया था। ईडी ने 31 जनवरी को श्री सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत और उसके बाद फिर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद इस्तीफा देने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता को उच्च न्यायालय के जमानत आदेश के बाद पिछले दिनों फिर से राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई थी।

# झारखंड विधानसभा में हंगामे के बीच 4833.39 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन की कार्यवाही शुरूआत हंगामे के साथ हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से सदन के बाहर हंगामा किया गया। हंगामे के बीच प्रभारी मंत्री रामेश्वर उरांव ने 4833.39 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट पेश किया। 30 जुलाई को उस पर चर्चा की जाएगी, जिसके बाद बजट पास होगा। अनुपूरक बजट पेश होते ही विपक्ष के हंगामे के बाद स्पीकर ने सदन मंगलवार 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

### मुझे शर्म आती है कांग्रेस की सोच पर : विरंची नारायण

इससे पहले एक तरफ सत्ता पक्ष के विधायक निशिकांत दुबे के संसद में दिए गए बयान पर भाजपा को घेरते नजर आई तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा के विधायक बदलती डेमोग्राफी और पाकुड़ की घटना को लेकर हमलावर दिखाई दिए। सदन के बाहर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की तरफ से जमकर नारेबाजी हुई और धरना दिया गया। भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने कांग्रेस विधायक नेहा शिल्पी तिर्की के बयान पर कहा कि इसका सबसे अच्छा जवाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर हैं, जो बिहार से आते हैं, इसका मतलब वह घुसपैठी हैं। मंत्री रामेश्वर उरांव भी बिहार से ही है तो उनको भी घुसपैठी कह देंगे। मुझे शर्म आती है कांग्रेस की सोच और इस बयान की घोर निंदा करता हूं।

### संताल की डेमोग्राफी चेंज करने में यहां की सरकार लगी हुई : रणधीर

विधायक रणधीर सिंह ने कहा कि सिर्फ झारखंड ही नहीं, बल्कि जहां-जहां इंडी गठबंधन की सरकार है, वहां पर यह लोग बांग्लादेश की सीमा को खोल देते हैं। इनको वोट बैंक बढ़ाना है। सारठ विधानसभा क्षेत्र में अब बांग्लादेश से लोग भर चुके हैं। पूरी संथाल की डेमोग्राफी चेंज करने में यहां की सरकार लगी हुई है। वहां पर केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करके जल्द से जल्द नियम लागू करने चाहिए। कांग्रेस पार्टी हमेशा से झारखंड बिहार के लोगों को अलग करने का काम करती रही है। कांग्रेस विधायक ने ऐसा बयान देकर कांग्रेस की मानसिकता को दशार्या है। यदि बिहार से पर अन्य प्रदेशों से लोग यहां आते हैं और नागरिक हैं तो उनका वोट भी चाहिए कांग्रेस को और उनको ही गाली भी देंगे।

### डेमोग्राफी से आदिवासियों की जनसंख्या घट रही : बाबूलाल मरांडी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 26 जुलाई की रात को पाकुड़ में पुलिस ने कॉलेज के छात्रों को बेरहमी से पीटा और उन्हें लहूलुहान कर दिया। इसका केवल एक ही कारण था कि कॉलेज के लड़के और ट्राइबल ऑर्गेनाईजेशन है संथाल में यह सब मिलकर 27 जुलाई को धरना पर बैठने वाले थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संथाल में डेमोग्राफी बदल रही है और खासकर की आदिवासियों की जनसंख्या घट रही है उससे आज आदिवासी लोग प्रताड़ित हो रहे हैं। मामले को दबाने के लिए पुलिस ने देर रात जाकर छात्रों को पीटा। निशिकांत दुबे के बयान पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वह उनका व्यक्तिगत बयान है, पार्टी का नहीं।

### चुनाव को प्रभावित करने के लिए संताल को आधार बना रहा विपक्ष : हफीजुल हसन

इसका जवाब देते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि संथाल परगना को सिर्फ चुनाव को प्रभावित करने के लिए विपक्ष आधार बना रहा है। हम भी देखना चाहते हैं कि बांग्लादेशी कैसे होते हैं। अभी तक हमने एक भी बांग्लादेशी झारखंड में नहीं देखा। बिहारी घुसपैठ कैसे होगा। पहले झारखंड बिहार का हिस्सा था। उस वक्त हर कोई बिहारी था। जब हमारा जन्म हुआ तब हम भी बिहारी थे।

### झारखंड का अस्तित्व मिटाना चाहती है भाजपा : प्रदीप यादव

प्रदीप यादव ने भाजपा पर झारखंड का विभाजन करने का आरोप लगाया। उनका इशारा भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान पर था। उन्होंने कहा कि झारखंड के अस्तित्व को भाजपा मिटाना चाहती है। जम्मू-कश्मीर को भी इनलोगों ने बांटने की कोशिश की। चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा। कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं, बच्चा पैदा कर रहे हैं। ये आदिवासी महिलाओं का अपमान है। इसके लिए इन्हें क्षमा मांगनी होगी।

### सहायक पुलिसकर्मियों के मानदेय वृद्धि पर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं : विनोद

भाकपा माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों की मानदेय वृद्धि और नियुक्ति में प्राथमिकता को लेकर सरकार का जवाब स्पष्ट नहीं है। इस पर सरकार ने जवाब देते हुए कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों के विभिन्न मांगों के संदर्भ में सरकार द्वारा गठित समिति में शामिल विधायक और सहायक पुलिसकर्मियों के प्रतिनिधि के साथ हुए समझौता के क्रम में कार्रवाई जारी है। विनोद सिंह ने पूछा था कि क्या सरकार सहायक पुलिसकर्मियों की सेवा विस्तार, मानदेय वृद्धि और स्थायी नियुक्ति में प्राथमिकता देने का विचार रखती है? सरकार के साथ हुए समझौते के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन स्थगित कर दिया। सरकार के प्रतिनिधि के साथ हुई बातचीत के बाद यह तय हुआ कि सहायक पुलिसकर्मियों के मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोत्तरी की जाएगी।

## मानसून सत्र के दूसरे दिन घुसपैठ के मुद्दे पर सदन के बाहर विपक्ष का धरना



**रांची :** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को विपक्ष के सदस्य विधानसभा सदन के बाहर धरने पर बैठ गए। वोट बैंक की राजनीति के लिए मुस्लिम आबादी बढ़ाना बंद करो, आदिवासी बहन बेटियों के साथ खिलवाड़ करना बंद करो, बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देने वाली हेमंत सरकार शर्म करो लिखी तख्तियों के साथ उन्होंने धरना दिया और नारेबाजी की। विधानसभा सत्र शुरू होने के पूर्व सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी प्रदर्शन किया। भाजपा सांसद निशिकांत दूबे के बयान के विरोध में नारे लगाये। सत्ता पक्ष के प्रदर्शन समाप्त होने के बाद भाजपा विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। पाकुड़ में छात्रावास में हमले का भी विरोध किया। उन्होंने पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग की। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हम हिंदू मुसलमान नहीं कर रहे हैं, जो बांग्लादेशी घुसपैठियों घुस आये हैं, रोहिंग्या घुस आये हैं, उसको निकालने की बात कर रहे हैं। हेमंत सरकार उसे पाल पोस रही है। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने वेल में आकर हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर के कहने पर भी जब नहीं माने तो उन्होंने हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही 12.30 बजे तक स्थगित कर दी। इससे पहले विधानसभा में मंत्री हफिजुल हसन ने बाबूलाल मरांडी के बयान पर कहा कि राज्य में घुसपैठ का कोई मामला नहीं है। यह भाजपा का सिर्फ चुनावी स्टंट है। हमें एक भी आदमी घुसपैठियों दिखा दें। उन्होंने कहा कि संथाल में भाजपा के जनधार चूक गया है। इसलिए बौखला कर भाजपा इस तरह का काम कर रही है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा कि राज्य में कहां घुसपैठिए हैं। केंद्र सरकार की कोई एजेंसी इसकी जांच कर रिपोर्ट दे।

## झामुमो विधायकों ने सदन के बाहर किया प्रदर्शन




**रांची :** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के बाहर झामुमो विधायकों ने भी प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर भाजपा विरोधी नारे लगाए गये। सभी जेएमएम विधायकों के हाथों में तख्ती थी, जिसमें लिखा था कि झारखंड और झारखंडी विरोधी भाजपा हाय हाय, संथाल है वीरों की धरती जब अंग्रेजों को नहीं छोड़ा तो तुम्हारी क्या हस्ती। हेमंत है तो हिम्मत है। झारखंडी झुक कर जोहर करता है अस्तित्व पर बात आए तो हूल के साथ वार करता है। हेमंत को झुका ना सके तो झारखंड तोड़ने चल पड़े मिट जाओगे। कैसे लिया झारखंड लड़ के लिया झारखंड आदि स्लोगन लिखे हैं।

## झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का निधन, सीएम ने जताया शोक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का धनबाद में सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। कुछ माह पहले ही उन्हें दिल्ली में इलाज के लिए ले जाया गया था। उस वक्त वह बाथरूम से गिर गये थे। बच्चा सिंह सूर्य देव सिंह के भाई थे। बिहार से अलग होकर जब झारखंड बना तो वह बाबूलाल मरांडी की सरकार में मंत्री थे। बच्चा सिंह झारिया से विधायक रह चुके हैं। वह कभी सिंह मेंशन के स्तंभ हुआ करते थे। उन्होंने पहली बार विधानसभा का चुनाव साल 1991 में लड़ा लेकिन हार का सामना करना पड़ा। साल 2000 में उन्होंने पहली बार विधायक बने। इसके बाद उन्हें बाबूलाल मरांडी की सरकार में नगर विकास मंत्री बनाया गया।

बच्चा सिंह के निधन पर सीएम हेमंत सोरने शोक जताया है। कहा कि वे हमेशा मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ते रहे। इस बाबत ने सीएम ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री और झरिया विधानसभा के पूर्व विधायक बच्चा सिंह के निधन के दुःखद समाचार मिला। वे हमेशा मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ते रहे। परमात्मा दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

## दूसरी सोमवारी पर मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**रांची :** राजधानी में दूसरी सोमवारी पर बहती भक्ति बयार से शिव भक्त निहाल हुए। भोले बाबा को मनाने आस्था का सैलाब उमड़ा। देवालयों में अहले सुबह से देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। रिमझिम बारिश तो कभी धूप कभी छांव, क्षण-प्रतिक्षण बदलते मौसम के मिजाज को ईश्वर का आशीष मान, बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवाधिदेव महादेव के जलाभिषेक और पूजन कर मनोवांक्षित फल की कामनाएं की। पहाड़ी मंदिर और सुरेश्वर धाम, चुटिया और अंगड़ा बाड़ी, खूंटू का अलग आकर्षण रहा। यहां स्थानीय और बाहर से आये लगभग एक लाख से ज्यादा कांवरियों और श्रद्धालुओं ने जल चढ़ाया। हालांकि गलि-मोहल्ले में कई नए मंदिर प्रतिष्ठित होने से भी भीड़ बट गयी। पहाड़ी मंदिर में विगत वर्षों की तरह इस बार भक्तों का रेला नहीं रहा। सुरेश्वर धाम में विगत वर्षों से ज्यादा भीड़ उमड़ी। यहां दूसरी सोमवारी के मौके पर दिन के एक बजे तक लंबी-लंबी कतार लगी रही। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू के अनुसार लगभग 25 हजार से ज्यादा भक्तों ने सुबह तीन बजे से दोपहर बाद तक सुरेश्वर महादेव को जल चढ़ाया। संध्या श्रृंगार-आरती में भी बड़ी संख्या में भक्तो ने हिस्सा लिया। कांवरियों की भीड़ के मद्देनजर पहाड़ी मंदिर का पट रात ढाई बजे ही खोल दिया गया। पुजारी पिंटू और मनिकांत पांडेय ने सरकारी पूजा करायी। इसमें सपत्नीक डीसी राहुल सिन्हा, एसडीएम उत्कर्ष कुमार, पूर्व गृह सचीव एनएन पांडेय, मनीष रंजन, पहाड़ी मंदिर के राजेश कुमार साहू राजू और बादल सिंह ने खास तौर से हिस्सा लिया। भक्तों ने पहाड़ी बाबा का संध्या पुष्प श्रृंगार कर आरती उतारी। छप्पन भोग लगाया। दर्शन-पूजन और प्रसाद वितरण के साथ रात साढ़े नौ बजे मंदिर का पट बंद हुआ। शहर के अन्य शिवालयों में भी भव्य संध्या श्रृंगार कर आरती उतारी गयी। विशेष भोग भोले बाबा को निवेदित किया गया। चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था से मंदिर में हजारों की भीड़ के बाद भी व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही, सभी ने शांतिपूर्ण ढंग से बाबा का दर्शन किया। वहीं सामाजिक और धार्मिक संगठनो की ओर से सेवा शिविर लगा शंभू भक्तों को हर तरह से सहयोग दिया गया। दूध, फल-फूल आदि का वितरण किया गया। पहाड़ी मंदिर में हिंदू जागरण मंच, लायंस क्लब आदि ने शिविर लगा श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित रहे।

राहुल गांधी ने बजट पर चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला, कहा-

# इक्कीसवीं सदी में 'चक्रव्यूह' जैसे 'कमलव्यूह' में फंस गया है देश

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने देश को 'चक्रव्यूह' की तरह 'कमलव्यूह' में फंसा दिया है और कांग्रेस तथा विपक्षी गठबंधन इस व्यूह रचना को तोड़गे और देश की जनता को उसका अधिकार दिलाएंगे।



श्री गांधी ने लोकसभा में सोमवार को बजट 2024 पर हो रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि हजारों साल पहले छह लोगों ने चक्रव्यूह की रचना कर वीर अभिमन्यु का बध किया था उसी तरह से 21वीं सदी में भाजपा सरकार ने 'चक्रव्यूह' जैसे अपने 'कमलव्यूह' में देश को फंसा दिया है लेकिन विपक्ष उससे देश की जनता को बाहर निकालेगा और उसे व्यूह रचना से आजाद करेगा। उन्होंने कहा हमारे देवी देवताओं ने अभय मुद्रा का संदेश है जिसका आशय है कि 'डरो मत डराओ मत'। देश में आज डर का माहौला है और यह डर चक्रव्यूह की तरह कमलव्यूह के कारण पैदा हुआ है। 'चक्रव्यूह' में छह लोगों ने मिलकर अभिमन्यु को मारा था। चक्रव्यूह का स्वरूप 'कमलव्यूह' जैसा होता है और 21वीं सदी में कमलव्यूह में किसानों, गरीबों, देश के आम आदमी को फंसाया जा रहा है। कमल व्यूह में भी छह लोग ही नजर आते हैं और पूरे देश को फंसाकर मारने का काम चल रहा है। सिर्फ दो लोगों को पूरे देश की अर्थव्यवस्था सौंपी गई है।

विपक्ष के नेता ने कहा कमल के चक्र व्यूह ने रोजगार देने वाले विंदुओं पर हमला किया है। बजट में टैक्स के हमले को रोकने लिए और छोटे रोजगार को बढाने, युवाओं को रोजगार देने के लिए कुछ नहीं किया गया है। अग्निवीरों को चक्रव्यूह में फंसाया है। उनके लिए पेंशर जैसी कोई योजना नहीं है। अन्नदाता को भी चक्रव्यू में फंसाया गया है। किसानों ने एमएसपी मांगा है लेकिन वह भी नहीं दिया गया है। युवाओं का पेपर लीक के चक्रव्यू में फंसाया गया है। मध्यम वर्ग पर सरकार ने दोहरा हमला किया है। मध्यम वर्ग की पीठ पर और छाती पर छुरा घोंपा गया है। उन्होंने कहा कि दस साल में पेपरलीक 70 बार हुआ है। पेपर लीक युवाओं के लिए सबसे अहम मुद्दा है और वित्त मंत्री ने अपने भाषण में पेपर लीक पर एक शब्द नहीं कहा है। संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजुजु ने हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि विपक्ष के नेता को सदन की मयार्दा को नहीं तोड़ना चाहिए। उन्हें नियमों की जानकारी नहीं है और वह सदन के नियमों को तोड़ रहे हैं।

सदन में व्यवस्था होती है लेकिन उसे तोड़ा जा रहा है। सदन की परंपरा होती है लेकिन उसका ध्यान नहीं रखा जा रहा है। श्री गांधी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन चक्रव्यूह को ताड़ने का काम कर रहे हैं और देश में इससे विश्वास पैदा होता है। विपक्षी गठबंधन शिव की बारात की तरह है और शिव की बारात को कोई चक्रव्यूह में फंसा ही नहीं सकता। चक्रव्यूह में देश को फंसाया जा रहा है और इससे करोड़ों लोगों को नुकसान हो रहा है और विपक्षी गठबंधन इस च्रक्रव्यूह को तोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसी सदन में विपक्षी गठबंधन जाति जनगणना कराएगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि देश की सुरक्षा संवेदनशील मुद्दा है और विपक्ष के नेता देश को गुमराह कर रहे हैं और अग्निवीर योजना को लेकर जिस तरह से गुमराह किया जा रहा है उसको लेकर वह सदन में चर्चा करने को तैयार हैं।

# दिल्ली हाई कोर्ट ने बाबा रामदेव को दिया झटका 'कोरोनिल' दवा पर वापस लेना होगा दावा

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को योग गुरु रामदेव को निर्देश दिया कि वे 3 दिन के भीतर अपनी सार्वजनिक टिप्पणी वापस लें, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि 'कोरोनिल' कोविड-19 का इलाज है, न कि केवल एक प्रतिरक्षा बूस्टर और साथ ही कोविड के खिलाफ एलोपैथी की प्रभावकारिता पर भी सवाल उठाया था।




2021 में, डॉक्टरों के संघों ने रामदेव, उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। मुकदमे के अनुसार, रामदेव ने 'कोरोनिल' के कोविड-19 के इलाज होने के संबंध में 'निराधार दावे' किए थे, जो कि दवा को केवल 'इम्यूनो-बूस्टर' होने के लिए दिए गए लाइसेंस के विपरीत था। डॉक्टरों ने रामदेव और अन्य को इसी तरह के और बयान देने से रोकने के लिए निर्देश मांगा था। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि रामदेव द्वारा बेचे जाने वाले उत्पाद की बिक्री को बढ़ाने के लिए एक गलत सूचना अभियान और एक मार्केटिंग रणनीति थी, जिसमें 'कोरोनिल' भी शामिल है, जो कोविड-19 के लिए एक वैकल्पिक उपचार होने का दावा करता है। 27 अक्टूबर, 2021 को, उच्च न्यायालय ने मुकदमे पर रामदेव और अन्य को समन जारी करते हुए कहा कि मामला 'निश्चित रूप से' बनता है। डॉक्टरों ने आरोप लगाया था कि रामदेव, एक अत्यधिक प्रभावशाली व्यक्ति, न केवल एलोपैथिक उपचारों बल्कि कोविड-19 टीकों की सुरक्षा और प्रभावकारिता के बारे में आम जनता के मन में संदेह पैदा कर रहे थे।

उन्होंने आरोप लगाया कि 'गलत सूचना' अभियान कुछ और नहीं बल्कि रामदेव द्वारा बेचे जाने वाले उत्पाद की बिक्री को आगे बढ़ाने के लिए एक विज्ञापन और विपणन रणनीति थी, जिसमें 'कोरोनिल' भी शामिल है, जिसे उन्होंने कोविड-19 के लिए एक वैकल्पिक उपचार होने का दावा किया था। 12 जुलाई को, उत्तर प्रदेश में गौतम बुद्ध नगर प्रशासन ने दिव्य फामेर्सी और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा निर्मित 14 आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# औद्योगिक कार्मिकों के महंगाई भत्ता फॉमुर्ले में बदलाव करे श्रम मंत्रालय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**बोकारो :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने श्रम एवं रोजगार मंत्री को पत्र लिखकर औद्योगिक कार्मिको के लिए 1980 में बने फॉमुर्ले को वर्तमान तथा भविष्य मे होने वाले बदलावों के अधार पर बदलने का माँग उठाई। बीएकेएस के कोषाध्यक्ष बी के मिश्र ने कहा कि श्रमिक वर्ग हेतु महंगाई भत्ता तय करने के लिए, वर्ष 1936 मे आखिल भारतीय उपभोक्ता मुल्य सुचकांक पद्धति लागु किया गया था। इसके तहत औधोगिक श्रमिकों तथा ग्रामीण श्रमिकों को बढ़ती महँगाई से राहत देने के लिए, महँगाई भत्ता तय करने हेतु फॉमुर्ला लाया गया था। कहा कि उक्त फॉमुर्ला को, वर्ष 1960 में तथा वर्ष 1980 में डॉ. सील एवं रथ कमेटी का माध्यम से संशोधित किया गया था। इसके बाद से अब तक 44 बसंत बीत चुका है, लेकिन एआईसीपीएन को संशोधित नहीं किया गया। सिर्फ लागु करने का आधार वर्ष बदला गया है। कहा कि विगत 44 वर्षों से श्रमिक वर्ग की उपभोग की प्रकृती मे काफी बदलाव आया है। जिसके कारण श्रमिक वर्ग को वास्तविक बढ़ते महंगाई का अनुसार महंगाई भत्ता में वृद्धि का लाभ नहीं मिल पा रहा ह।

उन्होंने कहा कि उपभोग वस्तुओ को, श्रम ब्युरो, चंडीगढ़ द्वारा मात्र 6 वर्गों मे ही बाँटा गया है, इनमें खाद्य एवं पेय पदार्थ, पान, सुपारी, तम्बाकु और नशीला पदार्थ, कपड़आ और जूता, आवास, ईंधन और प्रकाश तथा विविध श्रेणियों शामिल है। इन 6 श्रेणियों को अलग-अलग प्रतिशतों मे बाँट कर, कुल 100% हिस्सा बनाया गया है। उन्होंने कहा ही संघ मानता है कि अभी के समय में उक्त समुहों मे वृद्धि आवश्यक है, क्योंकि श्रमिक वर्ग सहित भारतीय उपभोक्ताओं की खर्च प्रवृती में काफी बदलाव आया है। यूनियन द्वारा प्रस्तावित नये समूह को जोड़ने की माँग की गई है इलेक्ट्रॉनिक्स समूह में लैपटॉप, मोबाईल, ईलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट, टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, घरेलु विद्युत उपकरण, मोबाईल रिचार्ज, केबल टीवी, वाई फाई, ऑनलाइन पेमेंट, विद्युत चार्ज को भी जोड़ा जाए. पर्यटन समूह में होटल, हवाई यात्रा, ट्रेन यात्रा, शिप/क्रुज यात्रा, रेस्टोरेंट मे भोजन, प्रिपेड टैक्सी /बाईक को भी शामिल किया जाए. स्वास्थ्य समूह में ओपीडी चिकित्सा, स्वास्थ्य बीमा, अस्पताल मे भर्ती /ऑपरेशन, ब्राण्डेड मेडीसिन, जेनरिक मेडीसिन, चिकित्सिय जाँच को शामिल किया जाए. शिक्षा समूह में निजी विद्दालय शुल्क, ट्युशन, कोचिंग, पाठ्य पुस्तक का मुल्य, शिक्षा से जुड़े स्टेशनरी का मूल्य को भी शामिल किया जाए।

## एक नजर

### चोरों ने दिनदहाड़े ताला तोड़कर लाखों की चोरी की



**बोकारो :** रेलवे कॉलोनी में सोमवार सुबह दिनदहाड़े लाखों का जेवरात उड़ा ले गया चोर। घटना बोकारो लोको रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर संख्या डीएस/ ।I/40 डी का है। जब गृहणी रीना देवी सावन के दूसरी सोमवारी को अपने परिवार व बाल-बच्चों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना लेकर भगवान भोलेनाथ के मंदिर में गई थी। सुबह करीब दस बजे क्वार्टर में ताला लगा कर निकली। 11 बजे मंदिर से पूजा-अर्चना कर लौटी। इस बीच चोर उसके घर से जेवरात, नगदी सहित एटीएम, आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि करीब 5-6 लाख का सामग्री लेकर जा चुका था। रीना देवी ने बालीडीह थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बीच रीना देवी का पति सनोज कुमार( रेलवे कर्मी) अपने ड्यूटी पर थे।

### महिला समिति ने सुरभि प्रांगण में नये भवन का किया उद्घाटन

**बोकारो :** महिला समिति, बोकारो के सेक्टर 04 स्थित सुरभि प्रांगण में नवीनीकृत भवन का उद्घाटन महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस भवन में पिसाई के लिए चक्की,नई रसोई एवं भंडार इत्यादि का आज शुभारंभ किया गया। भविष्य में इसके हॉल में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी के साथ उपाध्यक्ष प्रीति शरण,उपाध्यक्ष इति रथ, सचिव वंदना झा,उप सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष रीता रानी, कुमुद कुमारी,पुष्पा भारतीय, श्रीमती अभिरुचि प्रिया, पुष्पा भारतीय, अनीशा झा, नीतू, प्रीति, जया, आशा, समिता उपस्थित थीं।

### एमपीएल में धूमधाम से मनी जेआरडी टाटा की जयंती

**धनबाद :** एमपीएल में सोमवार को जेआरडी टाटा की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। सीईओ विजयंत रंजन ने जेआरडी टाटा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जेआरडी मानवता व सदाचार की मिसाल थे। देश हित में टाटा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनका हर काम उत्कृष्ट और अनुकरणीय है। टाटा के नेतृत्व ने नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा मिला.हम सभी को उनकी विरासत का सम्मान करते हुए उसे आगे बढ़ाना चाहिए। भारत में पायलट का लाइसेंस पाने वाले जेआरडी टाटा पहले व्यक्ति थे।

### गुणानंद महतो भाजपा छोड़ जेबीकेएसएस में हुए शामिल

**बोकारो :** भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुणानंद महतो पार्टी से इस्तीफा देने के बाद जेबीकेएसएस में शामिल हो गए। धनबाद के टाउन हॉल में आयोजित समारोह में गुणानंद महतो ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जेबीकेएसएस की सदस्यता ग्रहण की। केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने माला पहनाकर एवं बुके देकर उनका स्वागत किया। गुणानंद महतो ने कहा कि झारखंड के खतियानधारियों को उनका हक दिलाने की मंशा लेकर वह जेबीकेएसएस में शामिल हुए हैं। उनके लिए पार्टी से अधिक अपनी माटी को प्राथमिकता है। झारखंड अलग राज्य बने 24 साल हो गए, लेकिन झारखंडियों को वाजिब हक व अधिकार नहीं मिला।

## रक्तदान के क्षेत्र में कार्यों के लिए रक्तबीर को मिला आसनसोल में सम्मान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो की रक्तदान के क्षेत्र में अग्रिणी संस्था बोकारो रक्तवीर परिवार को एक बार पुनः बेहतर समाजिक कार्य के लिए पश्चिम बंगाल के आसनसोल में राष्ट्रीय सम्मान समारोह में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। आसनसोल के महादेव सेवा फाउंडेशन की तरफ से संस्थापक शिवम भगत एवम उनकी संस्था के द्वारा पुरी भारत से रक्तवीर एवम रक्तविरंगनाओं को आमंत्रित किया गया। बोकारो से बोकारो रक्तवीर परिवार संस्था की ओर से संस्थापक अध्यक्ष संजय शर्मा एवम बिनय कुमार इस कार्यक्रम में सम्मलित हुए। इस सम्बन्ध में संस्था के संजय शर्मा ने बताया की बांग्लादेश युद्ध के नायक एवम देश के सपूत कर्नल हेम सिंह शेखावत जी के हाथों से सम्मन प्राप्त करना अपने आप में गौरववित करने वाला पल था, जिससे सीना चौड़ा हो गया। वहीं संस्था के सचिव बिनय कुमार ने कहा की हमारी संस्था बोकारो रक्तवीर परिवार समाज के लिए हर दिन जरूरतमंदो को रक्त मुहैया कराती है एवम लोगों को जागरूक कर लोगों से रक्तदान करवाती है। इस तरह के सम्मान से संस्था के सदस्यों में नई ऊर्जा का ऊजार्वान होता है एवम ज्यादा जिम्मेदारी से समाज के प्रति कार्य करने का हौसला बढ़ता है।

## 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की शुरूआत की है। इसके तहत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। सरकार हर माह की 15 तारीख तक राशि महिलाओं के बैंक खाते में डाल देगी। इसको लेकर डीडीसी सादात अनवर की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में जिले के सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शामिल थे। डीडीसी ने कहा कि लाभुक महिलाओं को योजना से जोड़ने के लिए 3 से 10 अगस्त तक सभी पंचायतों में शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में योग्य महिलाओं से आवेदन लिए जाएंगे। उन्होंने सीएससी मैनेजर को डाटा इंट्री का प्रशिक्षण और उसका डेमो देने, शिविरों में पर्याप्त संख्या में वीएलई की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद ने कहा कि योजना के लिए आंगनबाड़ी के माध्यम से निःशुल्क आवेदन उपलब्ध कराया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने, जमा करने से लेकर स्वीकृति तक सारी प्रक्रिया निःशुल्क होगी। आंगनबाड़ी सहायिका व सेविका अपने-अपने क्षेत्र के घर-घर जाकर 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को चिह्नित कर उन्हें आवेदन देंगी।

## केरसई के दर्जनों लोग कांग्रेस में शामिल

**सिमडेगा:** विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में रूसु गांव में मिलन समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में प्रखंड के दर्जनों लोगों ने भाजपा और झापा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों को विधायक भूषण बाड़ा सहित कई कांग्रेसियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि जनता भाजपा और झापा की गंदी राजनीति से ऊब चुकी है। लोगों का भाजपा और झापा से मोहभंग हो चुका है और लोग भाजपा, झापा छोड़कर बड़ी संख्या में कांग्रेस से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों मेंऔर अधिक तेजी से लोग कांग्रेस से जुड़ेंगे। विधायक ने क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस पार्टी से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिर्फ धर्म की राजनीति से क्षेत्र का विकास नहीं हो सकता है। आज की मांग विकास की राजनीति है।


## वैज्ञानिक नवाचार मामले में बोकारो बना झारखंड का पहला सेंटर आफ एक्सीलेंस



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो का प्रयास एक बार पुनः रंग लाया है। विद्यालय को नॉलेज एंड अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म का उत्कृष्टता केन्द्र बनाया गया है। डीपीएस बोकारो यह उपलब्धि अर्जित करने वाला झारखंड का पहला विद्यालय बन गया है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत सीएसआईआर तथा एनआईएसपीआर की महत्वपूर्ण पहल कैम्प के तहत होनेवाली परीक्षाओं में इस विद्यालय से विद्यार्थियों की उत्कृष्ट सफलता व वैज्ञानिक क्षमता को देखते हुए विभागीय स्तर पर इसे सीओई के रूप में मान्यता दी गई है। विदित हो कि 'कैम्प' में पूरे झारखंड में डीपीएस बोकारो से सर्वाधिक सक्रिय भागीदारी रही है और लगातार दो वर्षों से इसी स्कूल के विद्यार्थी पूरे राज्य में अव्वल स्थान प्राप्त कर रहे हैं। इस वर्ष जहां विद्यालय की छात्रा अंकिता साक्षी स्टेट टॉपर रहीं, वहीं विगत वर्ष छात्र कृष क्रेजिया ने झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने डीपीएस बोकारो को उत्कृष्टता केन्द्र बनाया जाना न केवल बोकारो, बल्कि पूरे राज्य के लिए एक गर्व का विषय बताया। उक्त संदर्भ में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उत्कृष्टता केन्द्र बनाए जाने से अब यहां के विद्यार्थी अपने विद्यालय में ही एआई और रोबोटिक्स के गुर सीखकर अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा निखार सकेंगे। केंद्र को कैम्प की ओर से इसके लिए तमाम आवश्यक उपकरण मुहैया कराए गए हैं तथा विद्यालय में विशेष लैब भी स्थापित किया गया है। डॉ. गंगवार ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि सीओई के माध्यम से कोडिंग, एआई और रोबोटिक्स लैब, विद्यार्थियों के लिए वैज्ञानिक भ्रमण, कार्यशालाएं, लाइव व्याख्यान और प्रशिक्षण सत्र, विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताएं, शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास (सीपीडी) कार्यक्रम संबंधी सेवाएं दी जाएंगी।

## उपायुक्त के जनता दरबार में उमड़े फरियादी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। आयोजित जनता दरबार में फरियादियों की भीड़ उमड़ी थी। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 70 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा दर्जनों मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन उपायुक्त द्वारा किया गया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, अबुआ आवास, राजस्व संबंधित विवाद, श्रम विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग पियूष, चास अंचलाधिकारी दिवाकर दूबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## पल्स पोलियो कार्यक्रम हेतु जिला टास्क फोर्स की हुई बैठक

- 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चलाया जाएगा पल्स पोलियो अभियान
- धनबाद जिला के लगभग 4 लाख 24 हजार बच्चों को पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को उप विकास आयुक्त सादात अनवर की अध्यक्षता में 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चलने वाले पल्स पोलियो कार्यक्रम हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को आगामी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के लिए प्रचार-प्रसार और जागरूकता को प्राथमिकता के साथ करने का निर्देश दिया। इस अभियान में 0-5 वर्ष तक का एक भी बच्चा ना छुटे उसके लिए बेहतर माइक्रो प्लानिंग व कार्य संपादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकताओं के अतरिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित जनप्रतिनिधि का सहयोग लें। साथ ही कहा की जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहते हैं इसलिए उन्हें सभी तरह की जानकारी होती है। इसलिए हर हाल में जनप्रतिनिधियों का सहयोग ले। डब्ल्यूएचओ सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी द्वारा सभी विषयों का पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई। मौके पर डीडीसी श्री सादात अनवर सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, डब्ल्यूएचओ सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डॉ अमित कुमार तिवारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, नगर निगम के पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, एसएनएमएमसीएच के पदाधिकारी समेत कई स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### महर्षि वेदव्यास के बताए मार्ग पर चलने से जीवन में तरक्की के द्वार खुलते हैं : गौर केवट




**धनबाद :** संकल्प एजुकेशन के द्वारा आयोजित महर्षि वेदव्यास जयंती पखवारा के आठवें दिन आज केवट टोला कतरासगढ़ में गौर केवट ने महर्षि वेदव्यास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि महर्षि वेदव्यास हमारे पूर्वज थे। उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने से मनुष्य के जीवन में तरक्की के द्वार खुलते हैं. उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण ही हमारी उन्नति का घोतक है। मौके पर संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो दीपक कुमार साव, अनुभव पांडे ,विक्रम केवट,सुजीत केवट ,जतन केवट ,गोल राजेश केवट ,दुलाल केवट,चंद्रशेखर केवट ,लकी केवट ,भुवन केवट ,जगदीश कुमार, धनेश्वर कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी पप्पू निषाद ,रविंद्र निषाद ,ललन निषाद ,अनिल निषाद, मनोरमा देवी ,बैजनाथ केवट आदी का सराहनीय योगदान रहा।

### बच्चा सिंह के निधन से झरिया में शोक की लहर



**धनबाद :** झारखण्ड़ के प्रथम नगर विकास मंत्री श्री बच्चा सिंह जी के निधन के समाचार सुनकर झरिया के व्यवसायीयों में शोक की लहर छा गई। झरिया के समस्त व्यापारी ने एक स्वर में उनके निधन से ब्यापार जगत को नुकसान बताया। धनबाद निर्माण के बैनर तले कपड़ा पट्टी में एक शोक सभा आयोजित किया गया जिसमें व्यापारियों ने उनकी आत्मा को शांति हेतू एक मिनट का मौन रखा गया लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना किया की इस दुख के समय पर उनके परिजनो को इस दुख को सहने कि शक्ति प्रदान करे। शोक सभा में उपेन्द्र गुप्ता शिवचरण शर्मा श्रीकान्त अम्बष्ट नरेंद्र छाबरा बसंत अग्रवाल अनूप अग्रवाल अजीत बर्नवाल सुरेंद्र गुप्ता अनूप कुमार राजेश विश्वकर्मा चेतन ठाकर परवेज अहमद राजेश अग्रवाल महेश त्यागी प्रकाश शर्मा अजीत दारुका उत्तम गोस्वामी एमडी मुस्ताक संजय चौधरी हेमंत ड्रोलिया सुभाष अग्रवाल संजय गुप्ता राजेश गुप्ता आदि थे।

### साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**धनबाद :** साइबर थाना काण्ड सं0-31/23, दि0-16 .09 .2023 के प्राथमिकी अभियुक्त बिमल रविदास, पे0-लखन रविदास उर्फ भुटन रविदास, सा0-पिठाकियारी, थाना-निरसा, जिला-धनबाद को मैथन होटल, मैथन के समीप स्थानीय थाना के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पुछताछ में मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा सरकार का सुखाड योजना का लाभ देने के नाम से कई व्यक्तियों का खाता खुलवा कर उनका पासबुक एवं ए0टी0एम0 लेकर साइबर ठगी करके पैसे इसी खाते में मंगवाता था एवं अपने साथियों के साथ मिलकर साइबर ठगी के पैसे की निकासी कर आपस में बांट लेते थे। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध झारखण्ड राज्य के अलावे अन्य राज्यों में भी साइबर मामलों में संलिप्तता की बात प्रकाश में आई है जिसका सत्यापन किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से दो मोबाईल, तीन सीम कार्ड, एक बुलैट मोटरसाइकिल एवं 28000/- (अठाइस हजार) रुपये नगद बरामद किया गया है।

### शिव भक्तों की सेवा एक अवसर



**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा सावन के दूसरे सोमवार के मौके पर आमताल, काशीझरिया में केएमटी वाटर बॉटलिंग प्लांट के सामने रविवार की रात को कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा की चिडका धाम बड़ी संख्या में कांवरिया दर्शनार्थी जाते हैं।उनकी सुविधा का ध्यान रखना हम सामाजिक संस्थाओं का कर्तव्य है। बिनोद चोपड़ा ने कहा कि आज रोटरी क्लब चास इस कार्य को बखूबी कर रहा है। कार्यक्रम के संयोजक शशांक अग्रवाल ने कहा कि शिव भक्तों की सेवा एक अवसर है। शशांक ने कहा कि सेवा का यह अवसर किस्मत से ही प्राप्त होता है। शशांक अग्रवाल ने कहा कि रोटरी का कार्य ही सेवा करना है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब चास विगत 20 वर्षों से लगातार सावन के महीने में कांवरियों की सेवा करता चला आ रहा है, और आगे भी लगातार जारी रहेगा। मुकेश ने बताया की सेवा शिविर में लगभग 1000 लोगों की सेव-केला, चाय-बिस्कुट, पानी की छोटी बोतल, दवाइयां और ग्लूकोज के साथ सेवा की। इस दौरान वहां का माहौल बोल बम तथा हर हर महादेव के नारों से भक्तिमय हो गया। सारा कार्यक्रम समाजसेवी शशांक अग्रवाल द्वारा प्रायोजित था। सेवा शिविर में संजय बैद, बिनय सिंह, मनोज सिंह, डॉ सुमन कुमार, संजय रस्तोगी, धनेश बंका, अजय दधिच, प्रेम शंकर सिंह, प्रकाश केजरीवाल, विजय अग्रवाल,पूजा बैद, रितु अग्रवाल, श्वेता रस्तोगी,पूर्वी केजरीवाल, शैल रस्तोगी, ज्योति अग्रवाल ने सेवा कार्य में सहयोग किया।

### डीएवी इस्पात विद्यालय समूह ने नर्सरी और किंडरगार्टन कक्षाओं में लिया नामांकन

**बोकारो :** डीएवी- इस्पात विद्यालय समूह के स्कूलों ने एक नई पहल करते हुए पहली बार नर्सरी, लोअर किंडरगार्टन, और अपर किंडरगार्टन कक्षाओं में बच्चों का दाखिला लिया है। इस पहल को अभिभावकों का भी काफी समर्थन मिला है जो इस बात से स्पष्ट होता है कि इन कक्षाओं के प्रथम बैच में ही 500 से अधिक बच्चों ने दाखिला लिया है। अभिभावकों से प्राप्त यह उत्साहजनक समर्थन इन स्कूलों के प्रति उनके दृढ़ विश्वास और भरोसे को भी दशार्ता है। डीएवी- इस्पात विद्यालय समूह ने इन कक्षाओं में बच्चों को एक बेहतरीन शिक्षण वातावरण प्रदान करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को सावधानीपूर्वक विकसित और स्थापित किया है। इन स्कूलों में अनुभवी और योग्य शिक्षकों की टीम भी तैनात की गई है, जो प्रत्येक बच्चे के समग्र विकास के का विशेष ध्यान रखती है।

## एक नजर

### चेक बाउंस मामले में दोषी को एक साल की सजा और 24 लाख जुर्माना

**रांची** : न्यायिक दंडाधिकारी जेनिस मिंज की कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में दोषी दिए गए अमित कुमार सोनी को एक वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 24 लाख का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि जुर्माना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था। यह राशि उस चेक के बदले देय होगी, जो बाउंस हो गया। अमित सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के 19 लाख 85 हजार के दो अलग-अलग चेक दिए थे, जो बाउंस कर गए थे। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था, जिस पर कोर्ट में सुनवाई हुई। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की। यह मामला वर्ष 2021 का है।

### सुदेश महतो ने हिमंता विस्वा सरमा से की मुलाकात

**रांची** : आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव के भाजपा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की है। यह मुलाकात दिल्ली में हुई है। सुदेश कुमार महतो ने इस बाबत सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर तस्वीर साझा की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा है कि नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा से मुलाकात की। इन दौरान राज्य की मौजूदा राजनीतिक हालात और आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। हिमंता विस्वा सरमा झारखंड विधानसभा चुनाव के सह प्रभारी बनाए हैं। इन दिनों उनका कई बार झारखंड आना-जाना हुआ। वह झारखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देने के लिए आते रहते हैं। इसी बीच सुदेश महतो ने उनसे दिल्ली में मुलाकात की है, जिसके कई अहम मायने हैं। यह कह सकते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर इस मुलाकात में काफी आवश्यक विचार-विमर्श हुआ होगा।

### शहद से स्फटिक के श्री श्यामेश्वर महादेव का हुआ रुद्राभिषेक

**रांची** : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर श्रवण माह के दूसरे सोमवारी के अवसर पर आज प्रात: से ही स्फटिक के श्री श्यामेश्वर महादेव के जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। जातव्य है कि श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में स्फटिक के महादेव विराजमान है। दोपहर 3:00 बजे से गौरी शंकर मीना देवी सरावगी के सुपुत्र अभिषेक सरावगी व सुपुत्री सुश्री पायल सरावगी ने महादेव का महा रुद्राभिषेक अनुष्ठान करवाया। दूध दही गंगाजल गन्ना का रस आदि से अभिषेक किया गया । शुद्ध शहद से रुद्राभिषेक रूद्री पाठ के साथ किया गया। बाबा भोलेनाथ की जय जयकार से श्री श्याम मंदिर गूंजता रहा। बाबा को फल एवं मिष्ठान का भोग लगाकर आरती की गई। रुद्राभिषेक अनुष्ठान उत्सव के बाद श्री शिव परिवार विशेष कर स्फटिक के श्री रामेश्वर महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। संध्या 6:00 बजे विशेष दर्शन के लिए भक्तों की कतार लग गई। केसरिया पेडा का भोग लगाया गया । इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया अनिल नारनोली अभिषेक सरावगी श्याम सुंदर जोशी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। मंगलवार को श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में 112 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन संध्या 4:30 बजे से होगा।

# झारखंड में दो महीने में पेसा नियमावली अधिसूचित करे राज्य सरकार : हाई कोर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट ने झारखंड में पेसा कानून लागू करने से संबंधित आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि झारखंड की स्थापना यहां के निवासियों के हितों की रक्षा के लिए की गई है, लेकिन झारखंड में पेसा नियमावली नहीं बनी। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि आगामी 2 माह के भीतर पेसा नियमावली अधिसूचित करें। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि संविधान के 73 में संशोधन के उद्देश्यों के अनुरूप एवं पेसा एक्ट 1996 के प्रावधानों के अनुसार पेसा नियमावली झारखंड में नहीं बनाई गई है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया




गया कि वर्ष 1996 में पेसा कानून केंद्र सरकार के द्वारा लागू किया गया था। इसका उद्देश्य था झारखंड के शेड्यूल एरिया में आदिवासियों की हितों की सुरक्षा की जाए एवं पंचायती राज को सुदृढ़ एवं साधन संपन्न बनाया जाए और उसे स्वतंत्रता दी जाए। प्रावधान के तहत आदिवासियों की हितों की रक्षा के निमित्त नियम बनाए जाने चाहिए था। लेकिन एकीकृत बिहार सरकार में वर्ष 1996 से वर्ष 2000 तक एवं झारखंड सरकार बनने के बाद वर्ष 2000 से लेकर 2024 तक राज्य सरकार ने पेसा नियमावली नहीं बनाई। बाद में राज्य सरकार द्वारा ड्राफ्ट नियमावली तैयार की गई, पहले ड्राफ्ट नियमावली वर्ष 2019 में तैयार की गई। लेकिन राज्य सरकार की ओर से पेसा नियमावली बनाने का कार्य सकारात्मक नहीं रहा। नवंबर 2023 में राज्य सरकार ने पुनः ड्राफ्ट नियमावली तैयार की इसे हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत की गई थी जिस पर आपत्ति भी दर्ज कराई गई थी।

## झारखंड हाई कोर्ट ने स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को जारी किया नोटिस, मांगा जवाब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में राज्यसभा के पूर्व सदस्य अजय मारू की झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता रद्द करने से संबंधित मामले में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी के कार्यकाल के दौरान झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के जनरल बॉडी मीटिंग में सभी सदस्यों को बुलाए जाने के लिए नोटिस जारी नहीं करने पर अजय मारू ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद वर्ष 2020 में झारखंड स्टेट




क्रिकेट एसोसिएशन ने बिना नोटिस के उन पर कार्रवाई करते हुए उन्हें एसोसिएशन की किसी भी कार्यवाही में भाग नहीं लेने एवं जेएससीए के क्लब एवं स्टेडियम की फैसिलिटी सुविधा का इस्तेमाल नहीं करने का आदेश दिया था। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि उनकी ओर से झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग की प्रक्रिया के खिलाफ आवाज उठाई गई थी। इसके बाद एसोसिएशन ने इनपर कार्रवाई करते हुए झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन की किसी भी एक्टिविटी में उनके पार्टिसिपेशन पर रोक लगा दी गई थी। उनके आजीवन सदस्यता को खत्म करने की बात भी मौखिक रूप से कही गई थी। हालांकि, इस संबंध में क्रिकेट एसोसिएशन ने कोई लिखित आदेश भी जारी नहीं किया है। याचिकाकर्ता ने एसोसिएशन की कार्रवाई में उन्हें शामिल होने की अनुमति देने का आग्रह किया है। साथ की झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के स्टेडियम एवं क्लब की सुविधा फिर से दिलाने का आग्रह किया है।


## निशिकांत दुबे का बयान व्यक्तिगत : अमर बाउरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन के बाहर झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का बयान व्यक्तिगत है। व्यक्तिगत बयान की जवाबदेही उनके खुद की है। झारखंड में भी कांग्रेस ने एक बयान दिया है और उसे भी बहुत लोग नकार रहे हैं। व्यक्तिगत बयान को व्यक्तिगत रूप से ही देखना चाहिए। आज हमारी मांग है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण पूरा डेमोग्राफी चेंज हो गया है। बाउरी ने कहा कि झारखंड में आदिवासी की अस्मिता खतरे में है। माटी, रोटी खतरे में है। इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों पर बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली सरकार रात के अंधेरे में घुसकर लहूलुहान करके हॉस्पिटलाइज करने का काम कर रही है। मामले को घुमाने के लिए आदिवासी हित का मुखौटा पहने सरकार ने युवाओं पर लाठियां चलवाई ताकि मुखौटा गिर न जाए। मुझे पूरा विश्वास है कि पूरे संथाल में हूल की बिगुल बज चुकी है। इन बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध और इनको संरक्षण देने वाले जेएमएम, कांग्रेस के विरोध में हूल कर दिया है।

## आज से 1 अगस्त तक झारखंड में भारी बारिश के आसार, यलो अलर्ट जारी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : आज से 1 अगस्त तक झारखंड के अलग-अलग हिस्सों मे भारी बारिश होने की संभावना हैं। यह बंगाल की खाड़ी में बन रहे लो प्रेशर के कारण होगा। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी कर दिया है। 30 जुलाई को राज्य के दक्षिणी-पश्चिमी तथा मध्य हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं निकटवर्ती उत्तरी हिस्सों में भी कई स्थानों पर भारी बारिश के अनुमान हैं। **इन जिलों में बारिश की संभावना** 31 जुलाई को लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, रांची और खूंटी जिलों के कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश होने का अनुमान है। इसको लेकर मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अतिरिक्त दक्षिणी-पूर्वी, उत्तर-पश्चिमी तथा निकटवर्ती हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। एक अगस्त को उत्तर-पश्चिमी तथा निकटवर्ती उत्तर-मध्य भागों में बारिश हो सकती है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है। राज्य में रविवार को मानसून कमजोर रहा। रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में हल्के बादल छाए रहे। पिछले 24 घंटे में जमशेदपुर में दो एमएम बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे में बोकारो में सबसे अधिक 70 मिलीमीटर बारिश हुई। वहीं कांके में 45 मिमी, राजधनवार में 40 मिमी बारिश हुई।

## जेपीएससी ने निकाली 170 रेंजर और 78 सहायक वन संरक्षक की वेकैंसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : वन विभाग में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने बड़े पैमाने पर वेकैंसी निकाली है। नियुक्ति की प्रक्रिया 29 जुलाई से शुरू हो रही है। जेपीएससी ने वन क्षेत्र पदाधिकारी के 170 पद और सहायक वन संरक्षक के 78 पदों पर बहाली की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दोनों पदों के लिए 29 जुलाई से 10 अगस्त तक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मांगा गया है। इसके लिए योग्यता, उम्र सीमा, आरक्षण मापदंड आदि आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस भर्ती में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थी विस्तार से जेपीएससी की वेबसाइट पर देख सकते हैं। जेपीएससीने पीटी परीक्षा की तारीख की घोषणा कर दी है। वन क्षेत्र पदाधिकारी और सहायक वन संरक्षक के पद के लिए 18 अगस्त को प्रारंभिक




परीक्षा ली जाएगी। वन क्षेत्र पदाधिकारी की परीक्षा सुबह दस बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। वहीं, सहायक वन संरक्षक की परीक्षा दोपहर दो बजे से चार बजे तक आयोजित की जाएगी। पीटी में ऑब्जेक्टिव प्रश्न होंगे जो सामान्य अध्ययन से जुड़े 150 अंकों का होगा। आयोग के द्वारा निर्धारित पदों के 10 गुणा से कम अभ्यर्थी होने पर सीधे मुख्य परीक्षा लेने की घोषणा की गई है। इसमें चयन के लिए अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार शारीरिक परीक्षण, चिकित्सीय परीक्षण से गुजरना होगा। दोनों पदों के लिए कृषि, कृषि अभियांत्रिकी, जंतु विज्ञान, गणित, भूगर्भ शास्त्र, भौतिकी, पशुपालन व पशु चिकित्सा विज्ञान, रसायन विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान में से किसी एक में स्नातक या सिविल, मैकेनिकल केमिकल में किसी एक में इंजीनियरिंग की डिग्री होना अनिवार्य है।

## फसलों की क्षमता और वास्तविक उपज के बीच की खाई पाटने के लिए नवीनतम तकनीकों का हो इस्तेमाल : डॉ टीआर शर्मा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के उप महानिदेशक डॉ टीआर शर्मा ने विभिन्न फसलों की क्षमता और वास्तविक उपज के बीच की खाई को पाटने के लिए कृषि अनुसंधान में जैवप्रौद्योगिकी, जीनोम एडिटिंग, मार्कर असिस्टेड ब्रीडिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इन्टरनेट ऑफ थिंग्स, ड्रोन आदि नवीनतम तकनीको का इस्तेमाल करने पर जोर दिया है। सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में खरीफ अनुसंधान की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न फसल किस्मों की क्षमता और वास्तविक उपज के बीच 30-40 प्रतिशत का गैप है तथा कीड़ों, रोगों



के कारण एवं उचित पैकेज प्रणाली के अभाव में कटाई के बाद के चरण में उत्पादों की समुचित हैंडलिंग नहीं होने से 25-30 प्रतिशत उत्पादन बर्बाद हो जाता हैक सभी शोध प्रयासों का मूल उद्देश्य उत्पादन में बृद्धि द्वारा किसानों को अधिक संपन्न बनाना है। इसलिए सभी प्रौद्योगिकी को किसानों की जरूरतों के अनुरूप पैकेज प्रणाली के रूप में उपलब्ध करना चाहिए। डॉ शर्मा ने कुलपति से अनुरोध किया कि अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जायें क्योंकि जिन परियोजनाओं में लम्बे समय से रिक्तियां पडी हैं उन्हें आइसीएआर द्वारा समाप्त की जा सकती हैं क उन्होंने कहा कि झारखण्ड में आइसीएआर के आधा दर्जन शोध केंद्र कार्यरत हैंकबीएयू को उनकी सहभागिता से परियोजना प्रस्ताव तैयार कर फंडिंग एजेंसियों को समर्पित करना चाहिए क्योंकि बिना समुचित निधि और आरए, एसआरएफ जैसे परियोजना स्टाफ के गुणवत्तायुक्त अनुसंधान संभव नहीं हो पाता। कुलपति डॉ एससी दुबे ने स्वागत भाषण करते हुए डीडीजी डॉ टीआर शर्मा के वैज्ञानिक अवदानों को रेखांकित किया कउन्होंने कहा कि अनुसंधान के लिए उपलब्ध राशि को समुचित प्रक्रिया अपनाते हुए यथासमय उपयोग करना होगा। वैज्ञानिकों को करियर में बढ़ने के लिए प्रतिकूलताओं के बावजूद सतत काम करते रहना चाहिए। भारतीय जैवप्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के निदेशक डॉ सुजय रक्षित ने राज्य में सुखाड जैसी परिस्थितियों से निबटने के लिए जल एवं अम्लीय मिटटी के समुचित प्रबंधन तथा वैकल्पिक फसल रणनीति पर जोर दिया ककेंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रांची के निदेशक डॉ एनबी चौधरी ने कृषि उत्पादन लागत घटाने, फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन तथा किसानों को उद्यमी बनाने की वकालत की क बीएयू के अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने खरीफ शोध उपलब्धियों का ब्यौरा तथा कृत कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन शशि सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सीएस महतो ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीन कारोबारी कमलेश कुमार ईडी के पांच दिनों की रिमांड पर



**रांची** : धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को जमीन कारोबारी कमलेश कुमार की रिमांड पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने कोर्ट से यह आग्रह किया कि कमलेश से पूछताछ के लिए दस दिनों की रिमांड दी जाए। इसके बाद कोर्ट ने ईडी को कमलेश को पांच दिनों तक रिमांड पर लेकर पूछताछ के लिए अनुमति दी है। रिमांड अवधि मंगलवार से शुरू होगी। इससे पहले 27 जुलाई को कोर्ट ने कमलेश को न्यायिक हिरासत में होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया था। जमीन घोटाला से जुडे मामले में ईडी ने बीते 21 जून को कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने फ्लैट से एक करोड़ कैश और राइफल की 100 गोलियां बरामद की थीं। इसके बाद ईडी के अधिकारियों के आग्रह पर रांची के कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। ईडी ने कमलेश को पांच समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया लेकिन वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुआ था। इसके बाद ईडी ने छठा समन जारी कर 26 जुलाई को दिन के 11 बजे रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था। कमलेश कुमार शुक्रवार की दोपहर एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचा। ईडी ने उससे पूछताछ की लेकिन कमलेश ईडी के सवाल का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दे सका। इसके बाद ईडी ने कमलेश को देर रात गिरफ्तार कर लिया था।

### सेना भर्ती रैली के तीसरे दिन 1120 युवाओं ने दिखाया दम



**रांची** : सेना भर्ती रैली के तीसरे दिन सोमवार को 1120 युवाओं ने दमखम दिखाया। अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए रांची जिले के अभ्यर्थी खेलगांव के स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हुए। सेना भर्ती रैली में लगभग 1120 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। मौसम को ध्यान में रखते हुए दौड़ सुबह लगभग 03:30 बजे शुरू हुई। रांची जिले के जांबाज युवाओं ने पूरे जोश और जुनून का परिचय दिया। अभ्यर्थियों से बातचीत के दौरान भर्ती निदेशक कर्नल विकास भोला ने विशेष जानकारी के तहत बताया कि ऑनलाइन फॉर्म भरते समय हुई कुछ एक गलतियों के कारण फिजिकल टेस्ट में सफल होने के बावजूद भी कुछ एक अभ्यर्थी दस्तवेजों की अंतिम जांच में भर्ती चयन प्रक्रिया से बाहर हो रहे है। उन्हें बताया गया कि ऑनलाइन फॉर्म में वही दस्तावेज दर्शायें जो वास्तव में अभ्यर्थी के पास है जैसे कि एनसीसी सर्टिफिकेट, खेलकूद प्रमाण पत्र या अन्य कोई प्रमाण पत्र जिससे अभ्यर्थी को भर्ती परीक्षा में बोनस अंक का लाभ मिल रहा हो। कर्नल ने बताया कि सेना की भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता पर आधारित है। इस भर्ती प्रक्रिया में धोखेबाजी की कोई भी गुंजाइश नही है। उन्होंने सभी उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे दलालों के झांसे में न आएं और अपनी काबलियत पर विश्वास रखें।

### जमीन घोटाला मामले में छवि रंजन और विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर अगली सुनवाई 12 को

**रांची** : चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला मामले के आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया, जिसके बाद कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। रांची के बड़गाईं अंचल के चेशायर होम रोड की जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को गिरफ्तार किया था। सभी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल भी हो चुकी है। उल्लेखनीय है कि छवि रंजन सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन के फजीर्वाड़े में भी आरोपित है। इस मामले में वह जेल में है।

### दुष्कर्म और हत्या के दोषी को अंतिम सांस तक जेल में रखने का आदेश

**रांची** : पॉक्सो की विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के दोषी सुनील मछुआ को अंतिम सांस तक जेल में रखने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने सुनील पर 30 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। इस मामले को लेकर महिला एवं बाल संरक्षण बुंडू थाना में प्राथमिकी दर्ज हुआ था। मामला 23 जनवरी, 2020 का है। सुनील मछुआ घरवालों से झगड़ा कर धारदार हथियार लेकर घर से निकला था और मृत बच्ची के माता-पिता को मारने के लिए रात 10 बजे उनके घर पहुंचा था। इसके डर से माता-पिता सो रहे दो बच्चों को छोड़कर पड़ोसी से मदद मांगने पहुंचे थे। इसी दौरान आरोपित ने पांच वर्षीय बच्ची को उठाकर कुछ दूर ले जाकर दुष्कर्म किया और मरने के लिए एक कुंआ में फेंक दिया। आरोपित को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ा था। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार किया था। घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने रांची-टाटा मार्ग को जाम भी किया था।

### सुप्रीम कोर्ट से याचिका खरिज होने से हेमंत सोरेन को मिली राहत : विजय शंकर नायक

**रांची** : उपरोक्त बाते आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सह कांके विधान सभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कही इन्होंने यह भी कहा कि यह आदेश झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत देगा और उन्हें संजीवनी की तरह शक्ति प्रदान करेगा और जो विरोधी लोग चाहते है कि हेमंत सोरेन जेल में ही रहे। उन लोगों के लिए बड़ी हार है। नायक ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन को हाई कोर्ट से मिली जमानत के खिलाफ एऊकी याचिका सुनने से इनकार कर दिया और सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रुप से कहा कि झारखंड हाई कोर्ट ने विस्तृत कारण बताते हुए जो आदेश दिया है उसमे हमे दखल करने की कोई जरूरत नहीं है। इससे स्पष्ट होता है कि इडी हेमंत सोरेन से जरूरत से ज्यादा दुर्भावना से ग्रसित है जो लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार को बार-बार अस्थिर करने की साजिश जो की जा रही है वह लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है और ऐसे मे एऊके बारे मे अच्छा संदेश नहीं जा रहा हैं ।

# प्रकृति, शिव और समाज से जोड़ती है कांवड़ यात्रा

डॉ. आशीष वशिष्ठ

**धार्मिक आस्थाओं के साथ सामाजिक सरोकारों से रची कांवड़ यात्रा वास्तव में जल संचय की अहमियत को उजागर करती है। कांवड़ यात्रा की सार्थकता तभी है जब आप जल बचाकर और नदियों के पानी का उपयोग कर अपने खेत-खलिहानों की सिंचाई करें और अपने निवास स्थान पर पशु-पक्षियों और पर्यावरण को पानी उपलब्ध कराएं तो प्रकृति की तरह उदार शिव सहज ही प्रसन्न होंगे। विभिन्न धमार्चार्यों का भी यही मत है शिव की सच्ची उपासना केवल पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन से ही संभव है। कलियुग में विषपान करने के लिए शिव ने ही पौधों का रूप लिया है। गंगा सहित सभी नदियां शिव की तरह जीवनदायिनी हैं। इन्हें बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।**

कांवड़ का अर्थ है परात्पर शिव के साथ विहार। अर्थात ब्रह्म यानी परात्पर शिव, जो उनमें रमण करे वह कांवड़िया। प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में लाखों की तादाद में कांवड़िए दूर-दराज से आते हैं और अपने आसपास के स्थानों से गंगा जल भरते हैं, तत्पश्चात पदयात्रा कर अपने-अपने स्थानों को वापस लौट जाते हैं। इसी यात्रा को कांवड़ यात्रा कहा जाता है। फिर चतुर्दशी के दिन उस गंगा जल से अपने आसपास शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक किया जाता है और शिव जी से अपनी और अपनों की सुख शांति की प्रार्थना की जाती है। कहने के लिए तो ये बस एक धार्मिक आयोजन मात्र है, लेकिन इसका सामाजिक और धार्मिक महत्व बहुत है। इसका सामाजिक सरोकार भी है।



कांवड़ के माध्यम से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी शिव की आराधना के लिए है। जल आम आदमी के साथ-साथ पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों, धरती में निवास करने वाले हजारों-लाखों तरह के कीड़े-मकोड़ों और समूचे पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक तत्व है। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति को देखें तो यहां के मैदानी इलाकों में मानव जीवन नदियों पर ही आश्रित है। कांवड़िए जलस्रोत से एक बार जल भरकर उसे अभीष्ट कर्म के पूर्व अर्थात शिवजी को अर्पण करने के पहले भूमि पर नहीं रखते हैं। इसके मूल में भावना यह है कि जलस्रोत से प्रभु को सीधे जोड़ा है जिससे धारा प्राकृतिक रूप से उन पर बनी रहे एवं उनकी कृपा हमारे ऊपर भी सतत धारा के अनुसार बहती रहे जिससे संसार सागर को सुगमता से पार किया जा सके।

भोलेनाथ के भक्त यूं तो साल भर कांवड़ चढ़ाते रहते हैं, लेकिन सावन में इसकी धूम कुछ ज्यादा ही रहती है क्योंकि यह मास भगवान शिव को समर्पित है। अब तो उत्तर भारत में खासतौर पर दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी व पूर्वी यूपी में कांवड़ यात्रा एक पर्व कुंभ मेले के समान एक महाआयोजन का रूप ले चुकी है। काशी और देवघर में भी कांवड़ यात्रा का खासा महत्व है। पिछले डेढ़ दशक में कांवड़ यात्रा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

बहुत कम लोग जानते हैं कि भगवान शिव पर सबसे पहले कांवड़ किसने चढ़ाया और इसकी शुरूआत कैसे हुई। कुछ कथाओं के भगवान परशुराम ने अपने आराध्य देव शिव के नियमित पूजन के लिए पुरा महादेव में मंदिर की स्थापना कर कांवड़ में गंगाजल से पूजन कर कांवड़ परंपरा की शुरूआत की, जो आज भी देशभर में काफी प्रचलित है। कांवड़ की परंपरा चलाने वाले भगवान परशुराम की पूजा भी श्रावण मास में की जानी चाहिए। पौराणिकता मान्यता है कि कांवड़ यात्रा एवं शिवपूजन का आदिकाल से ही अन्योन्याश्रित संबंध है। महाकवि कालिदास ने हिमालय को शिव का प्रतिरूप बताते हुए इसके सांस्कृतिक, भौगोलिक और धार्मिक महत्त्व को रेखांकित किया है। यों भी कह सकते हैं कि कांवड़ यात्रा शिव के कल्याणकारी रूप और निष्ठा के नीर से उसके अभिषेक को तीव्र रूप में प्रतिध्वनित करती है।

उत्तर भारत में भी गंगाजी के किनारे के क्षेत्र के प्रदेशों में कांवड़ का बहुत महत्व है। राजस्थान के मारवाड़ी समाज के लोगों के यहां गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बदरीनाथ के तीर्थ पुरोहित जो जल लाते थे और प्रसाद के साथ जल देते थे, उन्हें कांवड़िए कहते थे। ये लोग गोमुख से जल भरकर रामेश्वरम में ले जाकर भगवान शिव का अभिषेक करते थे। दरअसल, यह एक प्रचलित परंपरा थी। लगभग 6 महीने की पैदल यात्रा करके वहां पहुंचा जाता था। इसका पौराणिक तथा सामाजिक दोनों महत्व है। इससे एक तो हिमालय से लेकर दक्षिण तक संपूर्ण देश की संस्कृति में भगवान का संदेश जाता था। इसके अलावा भिन्न-भिन्न क्षेत्रों की लौकिक और शास्त्रीय परंपराओं के आदान-प्रदान का बोध होता था, लेकिन अब इस परंपरा में परिवर्तन आ गया। कांवड़ यात्रा का धार्मिक महत्व तो जगजाहिर है, लेकिन इस कांवड़ यात्रा से वैज्ञानिकों ने उत्तम स्वास्थ्य भी जोड़ दिया है। प्रकृति के इस खूबसूरत मौसम में जब चारों तरफ हरियाली छाई रहती है तो कांवड़ यात्री भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए पैदल चलते हैं। पैदल चलने से हमारे आसपास के वातावरण की कई चीजों का सकारात्मक प्रभाव हमारे मन मस्तिष्क पर पड़ता है। चारों तरफ फैली हरियाली आंखों की रोशनी बढ़ाती है। वहीं ओस की बूंदे नंगे पैरों को ठंडक देती हैं तथा सूर्य की किरणें शरीर को रोगमुक्त बनाती हैं। ये यात्रा प्रकृति और मानव के संबंधों में नई उष्मा, निकटता एवं प्रेम को बढ़ाती है। डॉक्टरों के मुताबिक धार्मिक चेतना से मानव जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कांवड़ यात्रा स्वास्थ्यप्रद होती है। पैदल, नाचते-गाते और दौड़ लगाते हुए शिवभक्त जाते हैं। इससे शरीर में खुशी के हार्मोंस जेनरेट होते हैं। व्यक्ति तनाव मुक्त हो जाता है। पैदल चलने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं और हार्ट और फेफड़ों को शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है।

पवित्र गंगा को स्वर्ग अर्थात पहाड़ों से पृथ्वी अर्थात मैदानी इलाकों में लाने के लिए महान शिव के द्वारा जिस श्रमदान का आयोजन किया गया वह उस समय अत्यंत दुष्कर कृत्य रहा होगा। पर्वतों के बीच गमन करना और श्रमदान करना निश्चित ही कोई सुगम कार्य नही रहा होगा। कितने ही किसान-श्रमिक कर्तव्य की बलिवेदी पर न्योछावर हुए होंगे। यह बात वह शिव भक्त कांवड़िये आसानी से समझ सकते हैं जो गोमुख या उसके भी ऊपर ऊंचाइयों से जल लाने हेतु पैदल पद यात्रा करते हैं। उसी महान श्रमदान की स्मृति आज भी कांवड़ के विशाल आयोजन में संरक्षित दिखाई पड़ती है।

संभवतः हताहत तथा कालकलवित हुए कृषकों व श्रमिकों की आत्मा की शांति की कामना के लिए उसी पवित्र जल से शिव को जलाभिषेक करने की उज्जवल परम्परा का विकास कांवड़ यात्रा में कहीं न कहीं दृष्टिगोचर होता है। इस तथ्य से यह भी जाना जा सकता है कि जो जल हमें आज इतनी आसानी से प्राप्त है वह कितना मूल्यवान है। नदियों से दूरदराज रहने वाले लोगों को पानी का संचय करके रखना पड़ता है। हालांकि मानसून काफी हद तक इनकी आवश्यकता की पूर्ति कर देता है तदापि कई बार मानसून का भी भरोसा नहीं होता है। ऐसे में बारहमासी नदियों का ही आसरा होता है, इसके लिए सदियों से मानव अपने इंजीनियरिंग कौशल से नदियों का पूर्ण उपयोग करने की चेष्टा करता हुआ कभी बांध तो कभी नहर तो कभी अन्य साधनों से नदियों के पानी को जल विहिन क्षेत्रों में ले जाने की कोशिश करता रहा है। लेकिन आबादी का दबाव और प्रकृति के साथ मानवीय व्यभिचार की बदौलत जल संकट बड़े रूप में उभर कर आया है।

धार्मिक संदर्भ में कहें तो इंसान ने अपनी स्वार्थपरक नियति से शिव को रूष्ट किया है। कांवड़ यात्रा का आयोजन अति सुन्दर बात है। कांवड़ यात्रा में शामिल हर कांवड़िए को इस महत्वपूर्ण यात्रा महत्ता व अंतर्निहित संदेश को समझना होगा। प्रतीकात्मक तौर पर कांवड़ यात्रा का संदेश इतना भर है कि आप जीवनदायिनी नदियों के लोटे भर जल से जिस भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं वे शिव वास्तव में सृष्टि का ही दूसरा रूप हैं।

वास्तव में, धार्मिक आस्थाओं के साथ सामाजिक सरोकारों से रची कांवड़ यात्रा वास्तव में जल संचय की अहमियत को उजागर करती है। कांवड़ यात्रा की सार्थकता तभी है जब आप जल बचाकर और नदियों के पानी का उपयोग कर अपने खेत-खलिहानों की सिंचाई करें और अपने निवास स्थान पर पशु-पक्षियों और पर्यावरण को पानी उपलब्ध कराएं तो प्रकृति की तरह उदार शिव सहज ही प्रसन्न होंगे। विभिन्न धमार्चार्यों का भी यही मत है शिव की सच्ची उपासना केवल पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन से ही संभव है। कलियुग में विषपान करने के लिए शिव ने ही पौधों का रूप लिया है। गंगा सहित सभी नदियां शिव की तरह जीवनदायिनी हैं। इन्हें बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

# विकास की महत्त्वाकांक्षा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से गरीबी मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की 9वीं शासी परिषद की बैठक के समापन अवसर पर शनिवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत, जो हर भारतवासी की महत्त्वाकांक्षा है, के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है, जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए। मजे की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित राष्ट्र के सफर में राज्यों की भागीदारी की बात कह रहे हैं, लेकिन बैठक में बिहार, केरल समेत 10 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल नहीं हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में पहुंचीं जरूर लेकिन अपना भाषण बीच में ही रोक देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इतनी महत्त्वपूर्ण बैठक से दस से ज्यादा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का शामिल न होना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि विकसित राष्ट्र की दिशा में अकेले-दुकेले की बढ़त से बात नहीं बनेगी। सभी की भागीदारी और सहयोग होना जरूरी है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, गरीबी उन्मूलन और आबादी का प्रबंधन जैसे तमाम मुद्दे हैं, जिनके लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने तईं प्रयास करने होंगे। जरूरी बन पड़ी नीतियों को क्रियान्वयन करके देश के आर्थिक विकास की दिशा में अपना महती योगदान देना होगा। बैठक में प्रधानमंत्री ने जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात कही वह थी गरीबी-मुक्त गांव की दिशा में काम करने की। बेशक, इस दिशा में तैयारी करके बढ़ा जाए तो बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। माइक्रो लेवल का आर्थिक प्रबंधन कोई नहीं बात नहीं है। बहुत पहले गांधी जी ने गांव के स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सक्रियता की बात कही थी। उन्हें लगता था, और जो भारत जैसे गांवों के देश में सही भी था, कि गांव के स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देकर आमजन को सबल बनाया जाना चाहिए। लेकिन बाद में इस आर्थिक सोच को बिसरा दिया गया। नतीजतन, गांव में रोजगार की स्थिति खासी चरमरा गई और बड़े. पैमाने पर पलायन होने लगा। तमाम शहरों और बड़े. नगरों की ओर हुए आबादी के पलायन से शहरों में नागरिक सुविधाओं के हालात बदतर हो गए। जरूरी है कि केंद्र सरकार और राज्यों में आरूढ़ सरकारें मिलकर गांवों को सबल बनाने की दिशा में अग्रसर हों जिससे आम जन के हालात बेहतर हो सकेंगे जो बड़ी सफलता होगी।

## चिंतन-मनन


# भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य

भगवान भौतिक जगत के पालन व निर्वाह के लिए प्रत्यक्ष रूप से उत्तरदायी नहीं हैं। हम एटलस (एक रोमन देवता) को कंधों पर गोला उठाये देखते हैं। वह अत्यन्त थका लगता है और इस विशाल पृथ्वीलोक को धारण किये रहता है। हमें किसी ऐसे चित्र को मन में नहीं लाना चाहिए, जिसमें कृष्ण इस सृजित ब्रह्मांड को धारण किये हों। उनका कहना है कि यद्यपि सारी वस्तुएं उन पर टिकी हैं, सारे लोक अन्तरिक्ष में तैर रहे हैं और यह अन्तरिक्ष परमेश्वर की शक्ति है किन्तु वे अन्तरिक्ष से पृथक स्थित हैं। भगवान कहते हैं, यद्यपि सब रचित पदार्थ मेरी अचिंत्य शक्ति पर टिके हैं, किन्तु भगवान रूप में मैं उनसे पृथक रहता हूं। यह भगवान का अचिंत्य ऐश्वर्य है।

वैदिककोश निरुक्ति में कहा गया है- परमेश्वर शक्ति का प्रदर्शन करते हुए अचिंत्य आश्चर्यजनक लीलाएं कर रहे हैं। उनका व्यक्तित्व विभिन्न शक्तियों से पूर्ण है और संकल्प स्वयं एक तथ्य है। भगवान को इसी रूप में समझना चाहिए। हम कोई काम करना चाहते हैं, तो अनेक विघ्न आते हैं और कभी-कभी जो चाहते हैं वह नहीं कर पाते।

किन्तु जब कृष्ण कोई कार्य करना चाहते हैं, तो सब इतनी पूर्णता से सम्पन्न हो जाता है कि कोई सोच नहीं पाता कि यह सब कैसे हुआ! भगवान समझाते हैं-यद्यपि वे समस्त सृष्टि के पालक तथा धारणकर्ता हैं, किन्तु वे इस सृष्टि का स्पर्श नहीं करते। उनके मन और स्वयं उनमें कोई भेद नहीं है। वे हर वस्तु में उपस्थित हैं, किन्तु सामान्य व्यक्ति समझ नहीं पाता कि वे साकार रूप में उपस्थित हैं। वे भौतिक जगत से भिन्न हैं तो भी प्रत्येक वस्तु उन्हीं पर आश्रित है। इसे ही भगवान की योगशक्ति कहा गया है।

# महाराष्ट्र में देवेन्द्र फडणवीस से क्यों डरा रहता है विपक्ष?



आर.के. सिन्हा

लोकसभा चुनावों के नतीजे आने और केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद अब महाराष्ट्र विधानसभा के आगामी अक्तूबर के महीने होने वाले चुनाव हैं। भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था की जान है महाराष्ट्र। इसलिए सारे देश की निगाहें महाराष्ट्र पर लगी रहती हैं। वहां राज्य विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति भी गरमा चुकी है। आरोप-प्रत्यारोप के नियमित दौर चल रहे हैं। महाराष्ट्र का विपक्ष महाविकास आघाडी राज्य के उस नेता पर आरोप लगा रहे हैं, जिसने राज्य का मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश का चौतरफा विकास करवाया। हम बात कर रहे हैं महाराष्ट्र के शिखर भाजपा नेता और वर्तमान उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की....

देवेंद्र फडणवीस राज्य के एक बड़े नेता होने के साथ ही काफी दूरदर्शी और अनुभवी रणनीतिकार के रूप में भी जाने जाते हैं। वह कई बार मुश्किलों में फँसी पार्टी को बाहर निकालकर अपनी योग्यता साबित कर चुके हैं। जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे, तब उनके कार्यकाल में राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास में कई काम हुए। मुंबई मेट्रो विस्तार और मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग जैसी प्रमुख परियोजनाओं की शुरूआत की गई। तब महाराष्ट्र की प्रतिष्ठा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और बढ़ी। देवेंद्र फडणवीस ने ही कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए पुलिसिंग को मजबूत किया और अपराध की रोकथाम के लिए टेक्नोलॉजी आपरेटेड सिस्टम की शुरूआत की। समाज कल्याण को लेकर भी उन्होंने काफी पहल की। हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान और सामाजिक समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम लागू किए गये। महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने बीत दिनों देवेन्द्र देवेंद्र फडणवीस पर आरोप लगाया कि वे जब राज्य के गृहमंत्री थे तब उन्होंने (देवेंद्र फडणवीस ने ) उन पर दबाव बनाया था कि वे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और महाविकास आघाडी के तीन अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज करवा दें। हालांकि देवेंद्र फडणवीस ने देशमुख के इस आरोप को सिरे से खारिज किया है। कुल मिलाकर लग यह रहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जनता के बुनियादी मसलों से हटकर आरोप-प्रत्यारोप लगते रहेंगे। विपक्ष सत्ता हासिल करने के लिए तबीयत से कीचड़ उछालेगा। जाहिर है फडणवीस ने भी देशमुख को उनकी ही भाषा में जवाब भी दिया। सबको याद है कि अप्रैल 2021 में गृह मंत्री रहे देशमुख पर तत्कालीन मुंबई पुलिस कमिनर परमबीर सिंह ने यह आरोप लगाया था कि उन्होंने महाराष्ट्र की पुलिस को शहर के होटल और बार मालिकों से पैसे वसूलने पर लगा दिया था। अब देशमुख कह रहे हैं कि फडणवीस के निर्देश पर परमबीर सिंह ने उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाए। अब तीन साल बाद वही एनसीपी नेता देशमुख यह दावा कर रहे हैं कि फडणवीस ने उन पर उद्धव और आदित्य ठाकरे, तत्कालीन डिप्टी सीएम अजीत पवार और मंत्री अनिल परब सहित एमवीए के प्रमुख लोगों के खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए दबाव डाला था। साफ है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में टकराव बढ़ने वाले हैं और महाविकास आघाडी के निशाने पर देवेंद्र फडणवीस ज्यादा रहने वाले हैं। देवेंद्र फडणवीस पर विपक्ष गठबंधन महाविकास आघाडी के नेता रणनीति के तहत हल्ला बोल रहे हैं। उन्हें लगता है कि देवेंद्र फडणवीस को घेरकर वे विधानसभा चुनाव में बढ़त बना सकते हैं। बेशक, यह अफसोसजनक स्थिति है कि जिस फडणवीस के मुख्यमंत्रित्व काल में राज्य का अभूतपूर्व विकास हुआ, उन पर मिथ्या आरोप लग रहे हैं। उनके ही नेतृत्व में मुंबई मेट्रो का विस्तारीकरण हुआ। मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग, आर्थिक गलियारों और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक्सप्रेसवे परियोजना की शुरूआत हुई। बढ़ती शहरी आबादी को समायोजित करने के लिए किफायती आवास योजनाओं को उन्होंने ही लागू किया। सड़क और रेल परियोजनाओं सहित सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क में सुधार किया। आतंकवाद-रोधी उपायों के तहत संभावित खतरों को रोकने और उनका जवाब देने के लिए सुरक्षा ढांचे को बढ़ावा दिया। देवेंद्र फडणवीस ने सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर दिया। मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के तहत मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने के लिए इस समुद्री पुल की शुरूआत की।

गोपीनाथ मुंडे के निधन के बाद देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की राजनीति में एक प्रमुख नेता के रूप में सामने आए। उन्होंने राज्य भाजपा को एकजुट किया। यह फडणवीस ही थे जिन्होंने भाजपा की ताकत बढ़ाने के लिए शिवसेना के बिना चुनाव लड़ने का हिम्मती फैसला किया। उन्होंने राज्य के लिए भाजपा की स्वतंत्र ताकत और दृष्टि पर जोर दिया और उनके नेतृत्व में ही भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। राज्य में शिव सेना के बिना भाजपा की सरकार बनाने के लिए फडणवीस ने ही मंच तैयार किया।

अब भी वह सत्तासीन गठबंधन में स्थिरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनका रणनीतिक कौशल जबर्दस्त रहा है। वह शासन में निरंतरता और प्रगति सुनिश्चित करते हुए लचीलेपन के साथ हर मुद्दे का राजनीतिक समाधान तलाशने में महारत रखते हैं। वही विभिन्न वर्गों के साथ प्रभावी ढंग से बातचीत करने में आगे रहे हैं। उनकी नेतृत्व शैली और उपलब्धियों ने उन्हें महाराष्ट्र की राजनीति में एक केंद्रीय व्यक्ति के रूप में स्थापित किया है। वह पैराशूट वाले नेता नहीं हैं। महाराष्ट्र में वह भाजपा में रैंक के माध्यम से आगे बढ़ने वाले नेता हैं। फडणवीस 1989 में युवा विंग के अध्यक्ष रहे हैं और केवल 27 साल की उम्र में नागपुर के मेयर नियुक्त हुए और 44 साल की उम्र में मुख्यमंत्री बन गए। वह एक ऐसे नेता हैं जो भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व और आरएसएस दोनों में स्वीकार्यता रखते हैं। वह संघ के मूल मूल्यों को समझते हैं और पार्टी के भीतर उसको अपनाने की कोशिश भी करते हैं। महाराष्ट्र में हाल ही में हुए राजनीतिक उथल-पुथल जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान स्थिति को स्थिर करने और पार्टी के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। हाल के लोक सभा चुनावों में पार्टी की हार को अपनी जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करते हुए इस्तीफा देने की उनकी पेशकश, नैतिक बल को ही दर्शाती है।

फडणवीस पर 2024 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी है। राज्य के राजनीतिक हलकों में कई लोगों को लगता है कि पिछले दस वर्षों से महाराष्ट्र में भाजपा के निर्विवाद नेता के रूप में फडणवीस ही राज्य में भाजपा की पुनः वापसी कर सकते हैं। वे विपक्ष को पटकनी देने में सक्षम हैं। विपक्ष भी हमेशा फडणवीस से ही डरा हुआ दिखाई देता है। किसी न किसी तरह से उन पर निशाना साधने में महाविकास अघाडी के नेता कोई कसर नहीं छोड़ते। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देवेन्द्र फडणवीस पर भरोसा रखते हैं।

2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को अच्छी सफलता मिली, सबको लगा कि फडणवीस एक बार फिर मुख्यमंत्री बनेंगे। लेकिन उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा के साथ आगे आ गए। उन्हें अपने पुराने सहयोगी-भारतीय जनता पार्टी को दगा देने में कोई संकोच नहीं किया। शरद पवार ने कांग्रेस नेतृत्व को राजी किया और उन्हें उद्धव ठाकरे का समर्थन करने के लिए मजबूर किया और अपनी सरकार बना ली, लेकिन फडणवीस ने जून 2022 में पवार साहब की साजिश को माकूल जवाब दे दिया। केवल ढाई साल की अवधि के लिए उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने। अब वही ठाकरे शरद पवार के हाथों खिलौना बने हुए हैं।

# सामयिक : विवादों में क्यों लोकसभा अध्यक्ष



विनीत नारायण

भारतीय लोकतंत्र की परंपरा काफी सराहनीय रही है। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार नोक-झोंक का चलना सामान्य व स्वाभाविक बात है। लेकिन इस नोक-झोंक की सार्थकता तभी है जब वक्ताओं द्वारा मयार्दा में रह कर बात रखी जाए। जब तक संसदीय कार्यवाही का टीवी पर प्रसारण नहीं होता था, तब तक देश की जनता को पता ही नहीं चलता था कि उनके चुने हुए प्रतिनिधि संसद में कैसा व्यवहार कर रहे हैं? यह भी नहीं पता चलता था कि वे संसद में किन मुद्दों को उठा रहे हैं? अक्सर ऐसे मामले भी सामने आए हैं, जब सांसदों ने आर्थिक लाभ की एवज में बड़े औद्योगिक घरानों के हित में सवाल पूछे। वरिष्ठ पत्रकार ए सूर्यप्रकाश ने तीस वर्ष पहले ऐसे लेखों की श्रृंखला छापी थी जिसमें सांसदों के आचरण का खुलासा हुआ और देश ने पहली बार जाना, 'संसद में सवाल बिकते हैं'। पर जब से टीवी पर संसदीय कार्यवाही का प्रसारण होने लगा तब से देशवासियों को भी देखने को मिला कि सांसद सदन में कैसा व्यवहार करते हैं। बिना अतिश्योक्ति के कहा जा सकता है कि कुछ सांसद जिस भाषा का प्रयोग करने लगे हैं, उसने शालीनता की सीमाएं लांघ दी हैं। शोरझशराबा तो आम बात है। संसद में हुड़दंग भारत में ही देखने को नहीं मिलता। अनेक देशों से वीडियो आते रहते हैं, जिनमें सांसद हाथापाई करने और एक दूसरे पर कुर्सियां और माइक फेंकने तक में संकोच नहीं करते। सोचने वाली बात यह भी है कि भारतीय संसद की कार्यवाही पर देश की गरीब जनता का अरबों रुपया खर्च होता है। आकलन है कि संसद चलने का प्रति मिनट खर्च ढाई लाख रुपये से थोड़ा अधिक आता है। इसका सदुपयोग तब हो जब गंभीर चर्चा करके जनता की समस्याओं के हल निकाले जाएं। हमारी लोक सभा का इतिहास रहा है कि लोक सभा के अध्यक्षों ने यथासंभव निष्पक्षता से सदन की कार्यवाही का संचालन किया।

उल्लेखनीय है कि 15वीं लोक सभा के तत्कालीन अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी ने अपने ही दल के विरुद्ध निर्णय दिए थे जिसका खमियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा। उन्हें दल से निष्कासित कर दिया गया पर उन्होंने अपने पद की मयार्दा से समझौता नहीं किया। लेकिन पिछले दस वर्षों से लोक सभा के वर्तमान अध्यक्ष ओम बिरला लगातार विवादों में रहे हैं। उन पर सत्ता पक्ष के प्रति अनुचित झुकाव रखने का आरोप विपक्ष लगातार लगाता रहा है। 17वीं लोक सभा में तो हद ही हो गई जब सत्ता पक्ष के एक सांसद ने विपक्ष के सांसद को सदन की कार्यवाही के बीच अपमानजनक गालियां दीं। अध्यक्ष ने उनसे वैसा कड़ा व्यवहार नहीं किया जैसा वो लगातार विपक्ष के सांसदों के साथ करते आ रहे थे। तब तो और भी हद हो गई जब उन्होंने विपक्ष के 141 सांसदों को सदन से निष्कासित कर दिया। ऐसा आजाद भारत के इतिहास में पहली बार हुआ। हाल में टीवी चर्चा में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बातचीत में नामी वकील, सांसद और पूर्व कानून मंत्री कपिल सिब्बल ने बताया, 'देश के संविधान के अनुच्छेद 105, संसद के सदस्यों को संसद में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता होगी परंतु क्या सांसदों को ऐसा करने दिया जाता है? जबकि इसी अनुच्छेद में या पूरे संविधान में यह कहीं नहीं लिखा है कि किसी भी सांसद का, संसद सदन में, अपनी बारी पर बोलते समय, माइक बंद किया जा सकता है। यह भी कहीं नहीं लिखा है कि किसी सांसद को बोलते समय, यदि वह नियम व मयार्दा के अनुसार बोल रहा हो तो उसे टोका जा सकता। इतना ही नहीं, यह बात भी नहीं लिखी है कि यदि विपक्ष किसी मुद्दे पर सत्ता पक्ष का विरोध करे तो उसे टीवी पर नहीं दिखा सकते। परंतु आजकल ऐसा होता है और यदि लोक सभा अध्यक्ष इस बात को नकार देते हैं कि वे किसी का माइक बंद नहीं करते तो फिर कोई तो है जो माइक को बंद करता है। ऐसा है तो जांच होनी चाहिए कि ऐसा कौन कर रहा है और किसके निर्देश पर कर रहा है?'



18वीं लोक सभा की शुरू आत ही ऐसी हुई है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर अखिलेश यादव और अभिषेक बनर्जी तक अनेक दलों के सांसदों ने अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये का खुला आरोप ही नहीं लगाया, बल्कि अपने आरोपों के समर्थन में प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं। ये न सिर्फ लोक सभा अध्यक्ष के पद की गरिमा के प्रतिकूल है, बल्कि ओम बिरला के निजी सम्मान को भी कम करता है। आवश्यकता इस बात की है कि ओम बिरला मुंशी प्रेमचंद की कालजयी रचना 'पंच परमेश्वर' को गंभीरता से पढ़ें जो शायद उन्होंने अपने स्कूली शिक्षा के दौरान पढ़ी होगी। कहानी शिक्षा मिलती है कि न्यायाधीश की कुर्सी पर बैठे व्यक्ति को सगे-संबंधियों का भी लिहाज नहीं करना चाहिए। लोक सभा की सार्थकता और पद की गरिमा के अनुरूप ओम बिरला को किसी सांसद को यह कहने का मौका नहीं देना चाहिए कि उनका व्यवहार पक्षपातपूर्ण है।

## एक नजर

### घर पर खेलने के क्रम में बच्ची को सांप ने काटा

**राजमहल:** सोमवार को राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दाहू टोला पंचायत के फैयलु टोला गांव में घर पर खेलने के क्रम में सरजीना खातुन उम्र 04 वर्षीय,पिता तजमुल सेख कि पुत्री को सांप के द्वारा काटने से मूर्छित हो गई।आनन-फानन में परिजनों के द्वारा छोटी बच्ची को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। परिजनों के द्वारा बताया गया कि घर पर खेलने के क्रम में सांप के द्वारा काटने से बेहोश हो गई। परिजनों के द्वारा सांप को देखा गया। वही अनुमंडलीय अस्पताल पर डॉक्टर साद्दीक अंसारी के द्वारा बच्ची का बेहतर इलाज किया गया। इलाज के बाद बच्चे खतरे से बाहर है। वहीं परिजनों के द्वारा डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मी को बेहतर इलाज के लिए बधाई एवं धन्यवाद दिया।

### किसानों के खेतों तक तकनीक पहुंचाने की मिली स्वीकृति

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिला समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को आत्मा शासकीय निकाय तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम विगत कार्य योजनाओं की संपुष्टि के बाद वर्तमान कार्य योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में आत्मा के तहत इस वित्तीय वर्ष में किसानों का राज्य अंतर्गत एवं राज्य से बाहर या जिला अंतर्गत प्रशिक्षण, परिभ्रमण, प्रत्यक्षण, किसान मेला, कृषक पाठशाला आदि के अलावा आत्मा कर्मियों द्वारा किसानों के बीच विभिन्न तकनीक का प्रचार-प्रसार एवं किसानों के खेतों तक तकनीक पहुंचाने से संबंधित कार्यक्रमों की स्वीकृति दी गई.बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तहत अलग-अलग फसलों जैसे- दलहन, तेलहन और धान के प्रत्यक्षण कार्यक्रम को भी स्वीकृत किया गया। बैठक में किसानों के बीच उन्नत तकनीक, उन्नत बीज के माध्यम से बेहतर उत्पादन प्राप्त करने से संबंधित विविध पहलुओं पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, सहायक समाहर्ता अर्णव मिश्रा, जिला कृषि पदाधिकारी कालीपद महतो, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी सहजानंद सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### नहीं मिले आसंगी चेकडैम में डूबे दो नाबालिग



**सरायकेला:** खरकई नदी के आसंगी चेकडैम में रविवार की शाम डूबे दो नाबालिग अभी तक नहीं मिल पाये हैं। रांची से आयी 30 सदस्यीय एनडीआरएफ की टीम को शव तलाशने में सुबह से शाम हो गई है लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है। एनडीआरएफ की टीम का अभियान लगातार जारी है। टीम ने सोमवार को चार बजे शाम से दूसरे राउंड का सर्च अभियान शुरू किया है। डीप डाइविंग, लाइन सर्च एवं जाली द्वारा सर्च अभियान चलाया जा रहा है.बता दें कि रविवार को दोपहर करीब तीन बजे आरआईटी थाना क्षेत्र के आसंगी के खरकई चेकडैम में इच्छापुर के दो नाबालिग डूब गए थे। जिन्हें तलाशने सोमवार सुबह एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची थी। मौके पर समाजसेवी और जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। दोनों नाबालिगों के परिजन व आसपास के गांव लोग वहां लगातार मौजूद हैं। रविवार को इच्छापुर के पांच नाबालिग आसंगी चेकडैम में नहाने गए थे। इसी दौरान लाइन टोला निवासी शंभू महतो के पुत्र आदित्य महतो (15 वर्ष) एवं मंदिर टोला निवासी प्रकाश मोदी के पुत्र सुमित मोदी (15 वर्ष) पानी के तेज बहाव में फंस गए थे और डूब गए।

# यातायात नियमों की अवहेलना पर 353 लाइसेंस सस्पेंड, 11 लाख से अधिक वसूला जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** यातायात नियमों की अवहेलना कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ परिवहन विभाग एवं ट्रैफिक पुलिस सख्त हो गई है। जून माह में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन नियमों की अवहेलना करने वाले 353 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। साथ ही बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने, हेलमेट एवं जरूरी कागजात नहीं रखने वालों से 11 लाख रुपये से अधिक जुमार्ना वसूला गया। गलत दिशा में ड्राइविंग करने पर होगी कठोर कार्रवाई

सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर करते हुए गलत दिशा में ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। कई सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में गलत दिशा में ड्राइविंग ही प्रमुख कारण पाया गया. इस दौरान हिट एंड रन से जुड़े मामले में मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ओरस्पीडिंग व स्टंटबाजी करने वाले युवाओं को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डीटीओ धनंजय, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, ट्रैफिक डीएसपी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए।

**गलत दिशा में ड्राइविंग करने पर होगी कठोर कार्रवाई**

सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। सड़क दुर्घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर करते हुए गलत दिशा में ड्राइविंग करते पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। कई सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में गलत दिशा में ड्राइविंग ही प्रमुख कारण पाया गया। इस दौरान हिट एंड रन से जुड़े मामले में मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही ओरस्पीडिंग व स्टंटबाजी करने वाले युवाओं को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डीटीओ धनंजय, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, ट्रैफिक डीएसपी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए

**जून में 31 सड़क दुर्घटना, 14 की मौत, 20 घायल**

बैठक में हिट एंड रन में मुआवजा भुगतान, ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने, सड़क दुर्घटनाएं, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट के चालकों पर कार्रवाई की समीक्षा की गई. साथ ही सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने पर चर्चा की गई. जून माह में 31 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 14 लोगों की मृत्यु व 20 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए.बैठक में हिट एंड रन में मुआवजा भुगतान, ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने, सड़क दुर्घटनाएं, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट के चालकों पर कार्रवाई की समीक्षा की गई. साथ ही सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने पर चर्चा की गई. जून माह में 31 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 14 लोगों की मृत्यु व 20 लोग गम्भीर रूप से घायल हुए।

## मिनी बाबा धाम शिवगादी में 40 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहेट :** सावन की दूसरी सोमवारी को बाबा गाजेश्वर नाथ धाम में कांवरियों का जन सैलाब उमड़ा सोमवार देर शाम तक कांवरिया का ताता लगा रहा। कांवरिया पश्चिम बंगाल स्थित फरक्का नदी, झारखंड के साहिबगंज गंगा नदी, राजमहल गंगा नदी से जल भरकर मोटरसाइकिल व पैदल चल कर रविवार की देर रात्री में शिवगादी पहुंच गए थे। सोमवार के अहले सुबह 4:00 बजे मुख्य द्वार खोल दिया गया था। इसके लिए जिला प्रशासन एवं शिवगादी प्रबंध समिति की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई थी। वही महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग पंक्तियों में कतारबद्ध होकर बारी-बारी से स्वयंसेवक ने पूजा अर्चना कराया। स्वयंसेवक की देखरेख में कांवरियों को बारी बारी से पीतांबरी शिवलिंग पर जलाभिषेक कराया गया। शिवगादी प्रबंध समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए गर्म पानी, नींबू पानी, दवाई, निशुल्क व्यवस्था की गई थी। कांवरियों की सेवा के लिए प्रबंध समिति की ओर से अलग अलग जगहों पर भारी संख्या में स्वयंसेवकों की तैनाती की गई थी। वहीं देर रात्रि रविवार को भक्ति जागरण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान कांवरिया बोल बम के गानों के भक्ति में डूब गए। जिला प्रशासन एवं शिवगादी प्रबंध समिति की ओर से कांवरियों को किसी प्रकार की आसुविधा न हो, विशेष ध्यान रखा गया।

## 15वें वित्त आयोग से बनी नाली कचरे का ढेर से कम नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड के अंतर्गत हसतिपाड़ा पंचायत के नया जुहीबोना गांव में इन दिनों चर्चा का केंद्र बना हुआ है,चर्चा किसी कल्याणकारी योजनाओं भलाई या अच्छाई की नहीं है अपितु भ्रष्टाचार से सम्बन्धित है' बताते चलें की हसतिपाड़ा पंचायत के नया जुहीबोना गांव में योजना का नाम वर्ड 07 में मोसरफ के घर से जमिररुल के घर तक नाला निर्माण योजना संख्या 03/23-24 प्रकृति राशि 199480 है वित्तीय वर्ष 2023-24 में नाली निर्माण कराया गया है। यह योजना 199480 रुपए का है परंतु योजना को जैसे तैसे काम किया बताते चले कि अगर सही रुप से नाला का निमार्ण करता तो एक साल के अंदर में नाला कचरे से भरा हुआ नही रहता। जनप्रतिनिधि केवल पैसे कमाने में है नाला का कोई भी ढंग से कार्य नहीं किया गया है ना ही कार्य की गुणवत्ता अच्छी है,ऐसा प्रतीत होता है जैसे योजना के नाम पर खानापूर्ति




की गई हो' योजनाओं को जैसे तैसे पूरा कर सरकारी राशि की निकासी कर बंदरबांट किया गया है। बताते चले की नाला निर्माण कार्य को ना तो सही ढंग से किया गया है क्योंकि देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि नाला को जैसे तैसे पुराना ईट तथा मेटेरियल सही तरीके से नहीं किया गया और जैसे तैसे बनाकर बिचोलिया द्वारा पैसा को अपना जेब में भर लिया गया,ऐसा प्रतीत होता है जैसे संबंधित कर्मियों को जनता के हितों का ध्यान नहीं अपितु सिर्फ उन्हें अपनी जेबें गर्म करनी है,भ्रष्टाचार के इस खुले खेल में ना तो संबंधित अधिकारियों का ध्यान है और ना ही जनप्रतिनिधियों का जिसका फायदा मुखिया,पंचायत सचिव एवं बिचोलिया जैसे कर्मी उठाते हैं,तथा जनता को ठगने का काम करते है। यही क्रम चलता रहा तो बरहरवा प्रखंड का नाम विकास में नहीं अपितु भ्रष्टाचार में सबसे उपर आएगा' योजनाओं की स्वीकृति से लेकर क्रियान्वन तथा उसके पूरे होने तक इसकी मॉनीटरिंग की जवाब देही संबंधित अधिकारी की होती है, लेकिन यदि इस योजना में गड़बड़ी हुई तो कहीं ना कहीं इसके लिए संबंधित अधिकारी भी उतना ही दोषी है' 15 वा वित्त योग कार्यों में ऐसा भ्रष्टाचार कहीं ना कहीं जांच का विषय है, यदि इस पर उचित तरीके से जांच की जाए तो भ्रष्टाचार की कई परतों का खुलासा हो सकता है' साथ ही साथ जनता के हक तथा अधिकारों से वंचित करने वाले ऐसे कर्मी तथा बिचौलियों को एक सबक मिल सकता है।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड कार्यालय में सोमवार को बीडीओ किकु महतो कि अध्यक्षता में प्रखंड समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 10 से 25 अगस्त तक चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जानकारी दिया गया कि घर घर सर्वे कार्य कर लिया गया है एवं त्वरित प्रतिक्रिया दल व निगरानी दल का भी गठन कर लिया गया है। बताया गया कि दो बर्ष से कम आयु के बच्चे, गंभीर बीमारी से पीड़ित व गर्भवती महिलाओं को फाइलेरिया का खुराक नहीं खिलाना है। वहीं सहियाओं को 30 जुलाई से 01 अगस्त तक फाइलेरिया कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं डाक्टर अनुपम घोषाल ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ के अंदर 19 पंचायतों के 134 राजस्व गांवों के 231 बुथों पर 116857 लोगों को फाइलेरिया का दवा उसके उम्र एवं लंबाई के अनुसार डोज दिया जाएगा। वहीं बीडीओ किकु महतो ने कहा कि आज बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का तैयारी को लेकर समीक्षा किया गया। उन्होंने कहा कि प्रखंड, अंचल,बाल विकास परियोजना के पदाधिकारी,सहायिका ,एन एम, एएनएम, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी आदि के साथ समन्वय स्थापित कर फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बीडीओ किकु महतो, सीओ दीपक प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी डा0 अनुपम घोषाल, प्रखंड लेखा प्रबंधक रोशन कुमार झां, महिला पर्यवेक्षिका हिमाद्रि, जया पांडे आदि उपस्थित थे।

## ईचागढ़ में ट्रांसफार्मर चोर हैं सक्रिय, एक ट्रांसफार्मर की चोरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में इन दिनों ट्रांसफार्मर चोर काफी सक्रिय नजर आ रहा है। आए दिन सुनसान जगहों पर लगे ट्रांसफार्मरों को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया जाता है। चीपड़ी, ईचागढ़, बीरडीह सहित कई जगहों पर लगे ट्रांसफार्मरों को पूर्व में भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का घटना को अंजाम दिया गया था। अभी तक आधा दर्जन ट्रांसफार्मर अज्ञात चोरों द्वारा रात के अंधेरे में चोरी कर लिया गया है।एक बर्ष पूर्व ट्रांस्फार्मर चोरी का तांबा तार के साथ दो बदमाशों को ईचागढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था, मगर ट्रांसफार्मर चोरी का शील शीला जारी है। ऐसे ही एक ताजा घटना रविवार की देर रात को घटी , जहां अज्ञात चोरों द्वारा सिल्ली रांगामाटी सड़क किनारे झाड़ुआ मोड़ पर श्री हरी होटल के पास 16 केवी का ट्रांसफार्मर को खोलकर ट्रांसफार्मर



के अंदर तांबे का वायरिंग,कोयल आदि समानों को चोरी कर लिया गया है। पता चलते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना सोमवार सुबह को बिजली विभाग को दिया व जल्द से जल्द नये ट्रांसफार्मर लगाने का मांग किया, ताकि बिजली आपूर्ति बहाल हो सके । सुचना मिलते ही ईचागढ़ के उप प्रमुख दिपक कुमार साव घटनास्थल पर पहुंचे व जल्द ही नया ट्रांसफार्मर दिलाने का आश्वासन दिया। मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा देर रात को सुखे बांस से बिजली लाइन को काटकर पोल पर लगे ट्रांसफार्मर को नीचे उतारा गया और ट्रांसफार्मर के अंदर लगे तांबे के तार ,कोयल आदि समानों को निकालकर ले भागा।

## 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समारोह की तैयारियों को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक की गई ।उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था और मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली तैयारियों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल संचालन के लिए झंडोत्तोलन का समय, परेड में शामिल होने वाले विभिन्न टुकड़ियों और राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास, मुख्य समारोह स्थल पर जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने समेत अन्य कार्यक्रमों को संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिन्दुओं




पर विस्तृत चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जरूरी और उचित दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के अलावा सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम से जुड़े विभिन्न कार्यों के आयोजन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। सिद्धो कान्हू स्टेडियम में होने वाले मुख्य कार्यक्रम के अलावा विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने शहर को पूर्ण रूप से स्वच्छ और सुंदर बनाने के अलावा वीर शहीदों और महान स्वतंत्रा सेनानियों के प्रतिमा की साफ-सफाई को लेकर नगर परिषद साहेबगंज के पदाधिकारियों, स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाली देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर जिला में विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, चुनाव, आदि में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने मुख्य समारोह स्थल के मैदान को सुसज्जित करने के अलावा विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, अग्निशमन और बिजली आपूर्ति की व्यवस्था कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के आयोजन को लेकर संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करने को कहा। वहीं मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, समेत अन्य विभाग के पदाधिकारी, सदस्य, कर्मी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### दूसरी सोमवारी को निःशुल्क सेवा शिविर में शिव भक्तों ने की सेवा



**देवघर:** खिजुरिया गेट स्थित काँवरिया पथ पर सलूजा गोल्ड व विश्व सनातन वैदिक संघ के द्वारा संयुक्त रूप से लगे निशुल्क सेवा शिविर में दूसरी सोमवारी को भी अनवरत सेवा जारी रही। विश्व सनातन वैदिक संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पियूष मिश्रा ने बताया की दुसरे सोमवारी को पाँच हजार से अधिक लोगों के बीच मिठाई, फल, सरबत व शीतल जल का वितरण किया गया। साथ ही दर्द निवारक स्प्रे व दवाइयों का भी वितरण किया गया। इस दौरान विश्व सनातन वैदिक संघ व द मार्वल फाउंडेशन के सदस्यों ने बारी-बारी से आकर दिन रात सेवा दे रहे हैं। दुसरे सोमवारी के अवसर पर शैलेश प्रसाद सिंह ने अपने परिवार के साथ आकर शिविर में सेवा दिए। इस दौरान विश्व सनातन वैदिक संघ के राष्ट्रीय सचिव लक्ष्मीकांत मालवीय,मिडिया प्रभारी विकास राउत, द मार्वल फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलखुश कुमार, राजीव रंजन, राज कुमार, भवेश चंद, किशोर कुमार सिंह, सुनिधि शर्मा, अंशु कुमारी, ज्योति मिश्रा,आयुष प्रिया, आर्य झा, गोलू, कनक ,राजीव कुमार, राजेश कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### डॉ.राजीव रंजन ने मां की पुण्यतिथि पर बांटे पौधे



**देवघर:** देवघर के जाने-माने दंत चिकित्सक डॉ.राजीव रंजन ने अपनी मां माधुरी देवी की पुण्यतिथि पर सोमवार को अपने 'देवघर डेंटल क्लिनिक' में पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ.राजीव रंजन ने अपने शुभचिंतकों के साथ सर्वप्रथम अपनी दिवंगत माता का पुण्यस्मरण किया और उनके उदार व्यक्तित्व के प्रति अपनी श्रद्धा ज्ञापित की। डॉ.राजीव रंजन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश में हरियाली और खुशहाली लाना चाहते हैं। यदि एक व्यक्ति अपने जीवनकाल में एक पेड़ लगाए और पल्लवित होने तक उसकी देखभाल करे तो इस धरती तथा पर्यावरण के प्रति उसका अमूल्य योगदान होगा। डॉ.साहब ने बताया कि आज अपनी मां की पुण्यतिथि और मिशन 'चलो गांव की ओर' के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार विद्यार्थी के आह्वान पर उन्होंने करीब 50 लोगों के बीच आम,अमरूद,केला,जामुन जैसे फलदार पौधे बांटे। साथ ही,उनसे इनकी समुचित देखभाल का वचन भी लिया.उन्होंने अपने मरीजों को भी फलों एवं फूलों के पौधे भेंट किए। डॉ.राजीव रंजन ने कहा कि आज सबेरे से ही वे इस अभियान में लग गए थे। उन्होंने सुबह और शाम को तपोवन क्षेत्र में भी अपने समर्थकों के साथ अनेक पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि पौधा वितरण और रोपण का उनका अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर अस्पताल के सभी साथी कर्मचारी उपस्थित थे।

### राजमहल अंचल के दो राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही से ग्रामीण परेशान



**राजमहल:** राजमहल अंचल के हल्का 10 और 12 के राजस्व कर्मचारी तापस कुमार सेन और हैदर अली के द्वारा जमीन सम्बन्धित मामलों को लगातार निरस्त करने का मामला सामने आया है। हल्का 10 और 12 के जमीन सम्बन्धित कार्यों के लिए आए आवेदन को हल्का में कार्यरत दोनों राजस्व कर्मचारियों के द्वारा पिछ्ले कई महीनों से रिजेक्ट किया जा रहा है। जिस कारण इस हल्का के ग्रामीण, जमीन मालिक और खरीददार परेशान दिख रहें हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक राजस्व कर्मचारी तापस कुमार सेन और हैदर अली द्वारा पिछ्ले 9 महीनों से इस हल्का के तीन तिहाई जमीन से जुड़े मामलों को निरस्त कर दिया गया है। जमीन सम्बन्धित मामलों को कई कागजातों की कमी दिखा कर, आवेदनकताओं को दौड़ाया जा रहा है। जमीन म्यूटेशन के कार्य तो दोनों हल्के में राजस्व कर्मचारी द्वारा बेहद धीमी गति से किया जा रहा है। राजस्व कर्मचारी हैदर अली को हल्का 9 का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, वहां की स्थिति भी गंभीर है। विगत कुछ दिनों पहले भी इन दोनों राजस्व कर्मचारियों के कार्यशैली से संबन्धित खबर को प्रकाशित किया गया था, इसके बावजूद इनके कार्य करने के तरीके में बदलाव नहीं आया है। अब देखना होगा जिले के वरीय अधिकारी सह पदाधिकारी इन दोनों राजस्व कर्मचारियों के कार्यशैली में सुधार के लिए किस तरह पहल करते हैं।

### पति ने पत्नी को मार कर किया जख्मी



**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रमोद यादव महादेवगंज पश्चिम टोला के रहने वाले ने अपनी ही पत्नी कलावती देवी को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां घायल पीड़िता की मां अंजनी देवी इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लेकर आया और डॉक्टर मोहन मुर्मू इलाज में तुरंत लग गए और घायल पीड़िता की स्थिति को देखते हुए डॉक्ट ने अस्पताल में भर्ती कर दिया। जहां पीड़िता की मां से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मेरे दामाद प्रमोद यादव के पड़ोसी ने मोबाइल फोन कर बेटी को मारने की घटना के बारे में बताया। जहां पीड़िता की मां सूचना पाकर अपनी बेटी के ससुराल गई वहां पाया कि उनकी बेटी लहू लोहान सर फटा हुआ मुर्छित होकर जमीन पर पड़ी हुई है। और पीड़िता की मां ने बताया कि बेटी की 6 माह की गोद में बच्ची है। जहां पीड़िता की मां ने अपने दामाद प्रमोद यादव के खिलाफ मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर थाना प्रभारी से उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## एक नजर

### पुलिस ने मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**मेदिनीनगर (पलामू)** : पलामू एसपी के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी के चार्ज में सोनू चौधरी और टिओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर थाना क्षेत्र के रेडमा से मादक पदार्थ हेरोइन के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसे पूछताछ के लिए पुलिस शहर थाना लाई है। इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने बताया कि वरीय पदाधिकारीयो के द्वारा गुप्त सूचना मिला था कि एक व्यक्ति मादक पदार्थ हेरोइन का खरीद बिक्री कर रहा है। इसी गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मादक पदार्थ की बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर रही हैं। मौके पर टाइगर मोबाइल का जवान हवलदार रमेश सिंह, सिविल दस्त के बृजेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### लोहरदगा में 31 वनाधिकार पट्टे को स्वीकृति

**लोहरदगा** : उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज वनाधिकार अधिनियम से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अनुमण्डल स्तरीय समिति से अग्रसारित कुल 31 सामुदायिक वनाधिकार पट्टा और शेष व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टा के मामलों पर चर्चा की गई। साथ ही जिला स्तरीय समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मामलों को पारित किया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की, जिला परिषद सदस्य कैरो सुखदेव उरांव व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### चेक बाउंस मामले में दोषी को एक साल की सजा और 24 लाख का जुर्माना

**रांची** : न्यायिक दंडाधिकारी जेनिस मिंज की कोर्ट ने चेक बाउंस के आरोप में दोषी दिए गए अमित कुमार सोनी को एक वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने 24 लाख का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने आदेश में कहा कि जुमार्ना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था। यह राशि उस चेक के बदले देय होगी, जो बाउंस हो गया। अमित सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के 19 लाख 85 हजार के दो अलग-अलग चेक दिए थे, जो बाउंस कर गए थे। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था, जिस पर कोर्ट में सुनवाई हुई। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की। यह मामला वर्ष 2021 का है।

### गैंगस्टर सुजीत सिन्हा, आकाश रॉय और हरि तिवारी बरी

**पलामू** : पलामू सहित झारखंड के गैंगस्टर और अमन साहू के करीबी आकाश राय उर्फ मोनू, कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा एवं अपराधी हरि तिवारी को पलामू जिले की एक नीचली अदालत ने सोमवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। तीनों के खिलाफ मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग मामले में मामला दर्ज कराया गया था। न्यायालय में केस चलने के दौरान ठोस गवाह नहीं मिले। सुजीत सिन्हा पर मेदिनीनगर शहर के एलआइसी बिल्डिंग रोड के व्यवसायी पवन केजरीवाल से जनवरी 2017 में 10 लाख रूपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया गया था। इस केस में व्यवहार न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शिखा अग्रवाल की अदालत ने पुलिस द्वारा इनलोगों के खिलाफ कोर्ट में किसी भी तरह का साक्ष्य नहीं पेश कर पाने के कारण इन्हें इस केस से बरी कर दिया।

# विस में उठा चौकीदार भर्ती में एसी को आरक्षण का लाभ नहीं मिलने का मामला

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)** : पलामू जिला में चौकीदार की सीधी भर्ती में अनुसूचित जाति को आरक्षण का लाभ नहीं दिए जाने पर हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधानसभा में सोमवार को आवाज बुलंद की। वह लगातार इस मामले को लेकर आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। मालूम हो की पलामू जिले में चौकीदार के पदों पर सीधी भर्ती के लिए उपायुक्त द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2024, दिनांक 02 जुलाई 2024 प्रकाशित किया है। जिसमें चौकीदार के 156 पदों की भर्ती की जानी है। इस विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को शून्य कर देने पर विवाद उत्पन्न हो गया है। इस मामले को लेकर सोमवार को हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह द्वारा विधानसभा में पूछे गए अल्पसूचित प्रश्न संख्या-26 के उत्तर में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। पलामू जिले में उपायुक्त के द्वारा चौकीदार के 156 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। आयुक्त, पलामू प्रमण्डल के द्वारा आरक्षण रोस्टर शोधन कोटिवार अनुमोदित किया गया है। जिसके अनुसार पलामू जिला में चौकीदार संवर्ग का कुल स्वीकृत पद-443 है। जिसके विरूद्ध कार्यरत बल-281 है तथा रिक्त पद 162 है, जिनमें अनुसूचित जाति श्रेणी अन्तर्गत कुल स्वीकृत पद 120 के विरूद्ध वर्तमान में 120 चौकीदार कार्यरत हैं। इसलिए अनुसूचित जाति के लिए कोई रिक्त पद नहीं है। जिस कारण प्रकाशित विज्ञापन में अनुसूचित जाति श्रेणी के लिए रिक्त पद की संख्या शून्य है। विधायक के अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में विभाग ने कहा है कि बंगाल चौकीदार अधिनियम-1870 के तहत ब्रिटिश काल से अनुसूचित जाति के दुसाध उपजाति के लोगों को ही चौकीदार बहाल किया जाता था। किन्तु वर्तमान में झारखंड चौकीदारी संवर्ग नियमावली 2015 और 2019 के अनुसार चौकीदार की भर्ती, सेवा शर्तों और प्रोन्नति को विनियमित किया जाता है। इसके अलावे 1991 के बिहार सरकार के निर्देश के अनुसार, वे व्यक्ति जो 1990 के पूर्व से एवज में चौकीदार के रूप में काम कर रहे थे। उन्हें अनुकम्पा के आधार पर सेवा में नियमित किया गया था। एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा गया कि सरकार ने खंड-1 में वर्णित चौकीदार बहाली हेतु प्रकाशित विज्ञापन को रद्द करने और अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण रोस्टर के अनुसार रिक्ति के विरुद्ध आरक्षण सुनिश्चित कर पुनः विज्ञापन प्रकाशित करने की योजना पर विचार नहीं किया है।

## 10 वर्षों की नकामी को छुपाने के लिए शिलान्यास कर रहे भाजपा विधायक : रूचिर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)** : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने सदर प्रखंड के ग्राम सुआ के टोला भुषही में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर जिला सचिव तिवारी ने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में भाजपा विधायक ने गांवों में जाकर काम तो दूर की बात है ग्रामीणों से मिलना भी मुनासिब नहीं समझा और आज जब चुनाव नजदीक आ गया है तो शिलान्यास करके राज्य सरकार के पैसा से प्रधानमंत्री मोदी का प्रचार करवा रहे हैं वहीं भाजपा के पूर्व मेंयर अरुणा शंकर मेदिनीनगर नगर निगम में 5 वर्षों तक पीने का पानी भी आम जनता को उपलब्ध नहीं करा पाई और आज डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास करने के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। जनता इन सबको पहचान चुकी है। सुआ पंचायत के भुषही टोला विकास से कोसों दूर है बिजली के तार और पोल की स्थिति जर्जर हो चुकी है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है लेकिन अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।सुआ रेलवे अंडरब्रिज नहीं बनने से यहां के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। और वें प्रतिदिन हादसे का शिकार हो जाते हैं। भाकपा भाजपा के 10 वर्षों के बिधायक के नकामी को आम जनता तक पहुंचाएंगी।अंत में अपना बुथ सबसे मजबूत का नारा लगाकर लोगों ने इस बार भाजपा को हराने का संकल्प लिया। जनसंपर्क अभियान में अखिल भारतीय नौजवान संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, ननहक तिवारी,राजीव कुमार चौधरी, सुरेन्द्र चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने डायन प्रथा उन्मूलन को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)** : जिले में डायन कुप्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को उपायुक्त शशि रंजन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखार दो जागरूकता रथ को रवाना किया। इस जागरुकता रथ के माध्यम से डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। जागरुकता रथ पलामू के सभी प्रखंडों, प्रमुख चौक-चौराहों एवं हाट-बाजारों में ऑडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। लोगों को डायन अधिनियम की दी जायेगी जानकारी मौके पर डीसी शशि रंजन ने कहा कि डायन प्रथा एक अंधविश्वास है और इसे जड़ से खत्म करने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि शिक्षा व जागरूकता के अभाव में लोग इस अंधविश्वास की ओर चले जाते हैं इसी के उदेश्य से यह जागरूकता रथ को रवाना किया जारहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रथ के माध्यम से लोगों को डायन अधिनियम की जानकारी देकर डायन कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने आम लोगों से कुप्रथा को समाप्त करने में जिला प्रशासन का साथ देने की अपील की।

## कोडरमा में कराया जा रहा था अवैध रूप से गर्भपात, डॉक्टर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा जिला प्रशासन की टीम ने एक डॉक्टर को अवैध गर्भपात मामले में गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि कोडरमा जेजे कॉलेज के पास चेचाई स्थित वेदांता हॉस्पिटल में रविवार रात कोडरमा सीएस अनिल कुमार के नेतृत्व में छापा मारा गया। सूचना थी कि एक युवती से सात महीने के गर्भ को पैसे के लालच में वेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर मुन्ना कुमार साव गर्भपात करवाने वाले हैं। जानकारी पर कोडरमा सीएस कोडरमा ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश के अनुसार एक टीम गठित कर अस्पताल में छापा मारा गया एवं गर्भपात कराने वाली महिला सहित डॉक्टर को हिरासत में लिया गया। अन्य महिला कर्मचारियों को बौंड भराकर छोड़ दिया गया, वहीं इस दौरान अन्य पुरुष कर्मचारी भागने में कामयाब रहे। बाद में महिला जिसका गर्भपात का प्रोसेस किया जा रहा था उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवा कर विधिवत गर्भपात कराया गया एवं डॉक्टर मुन्ना कुमार साव को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। कोडरमा के सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा घटते लिंग अनुपात को लेकर जिले की बदनामी हो रही थी जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग कार्यवायी कर रही है। फिलहाल इस घटना में पकड़े गए डॉक्टर मुन्ना कुमार साव को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। उधर गिरफ्तार किए गए डॉक्टर मुन्ना कुमार साव ने अपने बचाव में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। छापेमारी अभियान में सिविल सर्जन अनिल कुमार, डॉ मनोज कुमार, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजुर, कोडरमा थाना के पुलिस टीम जिसमें महिला पदाधिकारी के अलावे सअनि मो इरसाद अहमद तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## छतरपुर से जेएमएम के उम्मीदवार की मांग केंद्रीय कमेटी से की जाएगी : रविन्द्र राम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**छतरपुर (पलामू)** : झारखंड मुक्ति मोर्चा विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग गई है। पंचायत तथा बूथ कमेटी को मजबूत करने के लिए लगातार बैठक की जा रही है। जिससे संबंधित बैठक छतरपुर प्रखंड के चराईं पंचायत में किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र राम और संचालन कोषाध्यक्ष शिवनाथ सुरीला ने किया। बैठक में रविंद्र राम ने बताया कि केंद्रीय कमेटी के द्वारा पंचायत स्तरीय सम्मेलन में सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचने एवं पंचायत तथा बूथ कमेटी को मजबूत करने का निर्देश दिया गया है। जिसकी शुरूआत चराई पंचायत से की गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता सभी पंचायत में बैठक कर पंचायत एवं बूथ कमेटी को मजबूत करने तथा झारखंड सरकार की योजनाओं को लोगों को बताने तथा लाभ दिलाने का काम करेगी। लोगों तक पार्टी सीधा पहुंच बनाएगी ताकि लोगों को बिचौलिए एवं दलालों के चंगुल से बचाया जा सके। प्राप्त आवेदनों पर जिन पदाधिकारीयों के द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं की जाएगी उनसे संबंधित शिकायत जिला एवं राज्य कमेटी को की जाएगी? यदि आवश्यकता पड़ी तो संबंधित मंत्री एवं मुख्यमंत्री महोदय को भी शिकायत की जाएगी। जनहित के मुद्दे पर समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में मौजूद कार्यकताओं ने कहा कि छतरपुर विधानसभा से गठबंधन समर्थित राजद के उम्मीदवार को बार-बार हार का सामना करना पड़ रहा है इसलिए आगामी विधानसभा चुनाव में छतरपुर विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार की मांग केंद्रीय कमेटी से की जाएगी।

## कवि राकेश कुमार द्वारा संपादित 'मुक्तक पंचामृत' का हुआ लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मेदिनीनगर (पलामू)** : कवि राकेश कुमार द्वारा संपादित पलामू के पाँच छांदस रचनाकारों राकेश कुमार, नीरज कुमार पाठक,रीना प्रेम दुबे,अनुज कुमार पाठक और रमेश कुमार सिंह रचित 'मुक्तक पंचामृत' का लोकार्पण झारखण्ड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, साहित्य अकादमी से पुरस्कृत साहित्यकार व भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी कुमार मनीष अरविन्द, हिन्दी साहित्य सम्मेलन, औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर सिंह और समकालीन जवाबदेही पत्रिका के संपादक डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया। हिन्दी साहित्य भारती, पलामू द्वारा माता द्रौपदी नामधारी गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, जमुने के प्रशाल में आयोजित समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने की जबकि संचालन-युवा कवि विद्या वैभव भारद्वाज ने किया। मुख्य अतिथि इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि साहित्य के माध्यम से सामाजिक समरसता का प्रसार होना चाहिए और हिंदी और उर्दू दोनों ही भाषा के कवियों को आपस में मिलकर पुस्तक की रचना करनी चाहिए। उन्होंने कवि राकेश कुमार द्वारा पूर्व में सम्पादित पुस्तक ₹फूले विपिन पलाश₹ की सराहना की जिसमें दोनों ही भाषा के कवियों ने दोहों की रचना की थी। उन्होंने पलामू की साहित्यिक गतिविधियों को और अधिक गति देने हेतु 'समस्यापूर्ति' जैसे कार्यक्रम के आयोजन की आवश्यकता बतायी। कुमार मनीष अरविन्द ने कहा कि पूर्व में सकारात्मक साहित्य रचनेवालों को संस्कारग्रस्त कह कर एक प्रकार से उन्हें साहित्य के हाशिये पर रखने की कोशिश की जाती रही है। परंतु पलामू की सकारात्मक रचनाधर्मिता बहुत ही संतोषदायक है।डॉ सिद्धेश्वर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार ऊँट जब पहाड़ के पास जाता है तब उसे अपनी ऊँचाई का पता चलता है ठीक उसी प्रकार दूसरे जिले के सहित्यकार जब पलामू आते हैं तब उन्हें अपने ज्ञान का असली अंदाजा हो पाता है। डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि काव्य का प्रणयन एक साधना युक्त सारस्वत अनुष्ठान होता है। इस अनुष्ठानिक उपक्रम में युवा कवि राकेश कुमार के संपादन में यहां के पांच साहित्य -सेवियों ने छंद मुक्त प्रवाही परम्परा में भी साहित्य के शास्त्रीय विधानों का आश्रय लेकर पूर्णतः छंदवद्ध ग्रंथ 'मुक्तक पंचामृत 'समाज को समर्पित किया है। यह इनका एक अत्यंत ही सराहनीय और साहसिक प्रयास जायेगा। अध्यक्ष प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि साहित्य क्या है और क्या होना चाहिए के बीच की कड़ी है। कवि अपनी रचना के माध्यम से समाज के दृष्टिकोण को बदल सकता है। मुख्य वक्ता सुरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि मुक्तक पंचामृत के चार कवियों व कवयित्री ने सोमदेवता व सोमदेवी की भाँति अमृत बाँटने का कार्य किया है।


## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी सिमडेगा को हराकर एमके डीएवी बना विजेता, प्रभात दुबे बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



**मेदिनीनगर (पलामू)** : डीएवी पब्लिक स्कूल सिमडेगा में चल रही डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज की टीम ने डी.ए.वी पब्लिक स्कूल सिमडेगा को 22-2 के अंतर से हराकर ट्राफी अपने नाम कर लिया। एमके डीएवी की टीम राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। एमके डीएवी की टीम में प्रभात दूबे (कैप्टन), इशांत कुमार पांडे,अभिनव तिवारी, जय मंजस लकड़ा, प्रेम कुमार मेहता, कार्तिक त्रिपाठी, अंकित राज, अभिनव कुमार, अतुल्य तिवारी एवं हर्षित तिवारी शामिल थे। विद्यालय की 19 वर्ष आयु वर्ग की बास्केटबॉल बालिका टीम उपजेता रही। सिमडेगा की टीम विजेता रही और इस प्रतियोगिता का परिणाम 12 -14 रहा। इसकी सदस्य श्रुति सिमोनी, देवांसी अग्रवाल, अनुष्का शर्मा,आशा कुजूर, स्वस्ति, गरिमा वर्मा, आराध्या, अंजली दुबे एवं श्रेया केजरीवाल थी। सिमडेगा के उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि ये बच्चे पढ़ाई - लिखाई से अतिरिक्त समय निकालकर लगातार अभ्यास करते हैं। तब इस तरह का परिणाम देखने को मिलता है। इनके परिश्रम से मैले चेहरे आज इस ट्रॉफी की चमक में खिल उठे हैं। मै इन्हें शुभकामना देता हूं कि ये राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता प्राप्त कर अपना, अपने माता-पिता एवं विद्यालय का मान बढ़ाएं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामना दी।

### आजसू पार्टी के केन्द्रीय उपाध्यक्ष का राजनितिक व समाजिक बहिष्कार आवश्यक : रंजन कुमार



**मेदिनीनगर (पलामू)** : हुसैनाबाद हरिहरगंज के पुर्व बिधायक और प्रत्याशी रहे अपने को समाजिक न्याय के पुरोधा कहने वाले शिव पुजन मेहता का चन्द्रवंशी समाज जोरदार बिरोध करे। इस व्यक्ति का न तो राजनितिक प्रतिष्ठा है और न समाजिक प्रतिष्ठा है, चरित्र के मामले में जगजाहिर है। हमारे चन्द्रवंशी समाज के प्रतिष्ठित नेता व लगातार जन मुद्दों पर हस्तक्षेप करने वाले आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव व गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार को पुर्व मे भी जाति सुचक शब्दों का इस्तेमाल किया था आज भी वैसी ही शब्द का वार्टशाप पर इस्तेमाल किया है। चन्द्रवंशी समाज को पतलघिचवा कहता है। हमारी समाज पलामू प्रमंडल मे कई बिधान सभा सिट को चुनाव मे प्रभावित करता है। हम तमाम चन्द्रवंशी समाज के नेतृत्त्व कर्ता बुद्धिजीवी छात्र नौजवान महिलाओं को अपिल करते है कि इस अपराधी छवि के नेता का समाजिक राजनीतिक बहिष्कार करे, जब तक समाज से माफी नही मांगता।

### पलामू जिले में हो रहा डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया की टीम का विस्तार

**मेदिनीनगर (पलामू)** : देश के जाने माने सख्सियत हिन्दू हिर्दय सम्राट डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया जी के नेतृत्व मे चल रहें हिन्दू सनातनीयों का विराट संगठन अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल, ओजस्विनी परिषद, राष्ट्रीय महिला परिषद, अधिवक्ता परिषद, किसान परिषद, हेल्थ परिषद जैसे अन्य आयाम पुरे देश संचालित हो रहें है। देखा जा रहा है। पलामू जिलें मे काफी तेजी से उभर रहें है हिन्दू समाज के बिच जगह बना रहा है। डालटनगंज के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो मे अपनी सहभागिता दे रहा जैसे जगन्नाथ पूजा रथ यात्रा हो, देव दीपावली हो या महा आरती हो, रामनॉमी सम्मानित समारोह हो, खाटू श्याम निशाना यात्रा समारोह हो, स्वास्थ्य कैम्प हो, महाछठ पूजा वितरण कार्यक्रम हो, जैसे अन्य सेवा कार्य मे अपनी सहभागिता दे रहा। जिलें के नेतृत्व कर्ता डालटनगंज शहर के राष्ट्रवादी चेहरा अविनाश राजा के माध्यम से एक आयाम संचालित किया जा रहा है। अन्य आयामों के अन्य नेतृत्व कर्ता है जिसमे ओजस्विनी परिषद पालमू कि चंचला देवी द्वारा संचालित किया जा रहा जिस मे वो बड़ी कुशलता के साथ समाज को संस्कृति से जोड़ कर चल रहीं है। आपको बता दे जिलें मे लगभग सभी प्रखंडो में इसका विषतार हो चुका है।

### सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग की जिलास्तरीय बैठक में कमेटी का हुआ विस्तार

**मेदिनीनगर (पलामू)** : सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संत समाज की पलामू जिलास्तरीय बैठक हुई। स्थानीय स्टेशन रोड स्थित गोविंद भवन में आयोजित बैठक में संस्थान के पदाधिकारियों एवं सेवा प्रभारियों ने भाग लिया। अतिथियों ने सदगुरुदेव के तस्वीर पर माल्यार्पण करने के बाद दीप प्रज्वलित किया। बैठक में ब्रह्मविद्या के प्रचार प्रसार एवं आश्रम से जुड़े सेवा कार्यों की समीक्षा किया गया। बैठक में बताया गया कि रांची के प्रभात तारा मैदान में 22 व 23 अगस्त को विहंगम योग के प्रणेता महर्षि सदाफल देव जी महाराज की जयंती मनायी जायेगी। इसे सफल बनाने के लिए कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। संस्थान के राज्य परामर्शक सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने विहंगम योग के सिद्धांत एवं सदगुरु की महिमा का बखान किया। प्रदेश महामंत्री ललित कुमार सिंह ने सदगुरु सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि सदगुरु की सेवा करना ही शिष्य का धर्म है। दीन अधीन होकर आस्तिक्य भाव से सेवा करना चाहिए। बैठक में पलामू जिला की नई कार्यकारिणी की घोषणा किया गया। संत समाज का जिला परामर्शक गिरिजा प्रसाद सिंह, रामपति राम, डा रामरेश यादव, प्रधान संयोजक भानु प्रताप देव, जिला संयोजक बनारसी प्रसाद यादव, सह संयोजक यशवंत सिंह, राकेश पाठक, महेंद्र यादव बनाए गए। इसके अलावा ओंकारनाथ पाठक जिला पत्रिका प्रभारी,लक्ष्मण सिंह समाज कल्याण प्रभारी, जनेश्वर सिंह सत्संग प्रभारी, उपेंद्र मेहता वित्त प्रभारी, कुबेर गुप्ता स्वर्वेद प्रचार प्रभारी, शिवकुमार सिंह ध्वजा प्रभारी,सौगंध मेहता अन्न प्रभारी, शांति पांडेय महिला प्रभारी, अजय यादव को युवा प्रमुख की जिम्मेवारी सौंपी गई। मौके पर राज्य महिला अध्यक्ष मनोरमा द्विवेदी, राज्य यज्ञ प्रभारी नंदलाल पासवान, रविंद्र श्रीवास्तव, शंभू कुमार, दशरथ पासवान, संजय कुमार, मनोज मेहता, विनय सिंह सहित कई सेवा प्रभारी, उपदेष्टा, प्रचारक शामिल थे।

### झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का निधन धनबाद में शोक

**रांची** : झारखंड के पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का धनबाद में सोमवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनकी मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। कुछ माह पहले ही उन्हें दिल्ली में इलाज के लिए ले जाया गया था। उस वक्त वह बाथरूम से गिर गये थे। बच्चा सिंह सूर्य देव सिंह के भाई थे। बिहार से अलग होकर जब झारखंड बना तो वह बाबूलाल मरांडी की सरकार में मंत्री थे। बच्चा सिंह झारिया से विधायक रह चुके हैं। वह कभी सिंह मेंशन के स्तंभ हुआ करते थे। उन्होंने पहली बार विधानसभा का चुनाव साल 1991 में लड़ा लेकिन आबो देवी के हाथों उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1995 में उन्होंने दोबारा झारखंड विधानसभा से अपनी किस्मत आजमायी लेकिन फिर हार गये। साल 2000 में उन्होंने पहली बार जीत स्वाद चखा और विधायक बने।



बारिश के मौसम में मकान को खूबसूरत रखना बड़ा कठिन है। कहीं कोई सामान भीग रहा है तो कहीं फर्नीचर खराब हो रहा है। अगर इन सबसे बचना है तो थोड़ी सी सावधानियां रखकर इनसे बचा जा सकता है।

# बरसात में बनाएं घर को खूबसूरत

काफी इंतजार के बाद अब मानसून का मौसम आ गया है। इस मौसम में घर की खूबसूरती बनाए रखने में सबसे अधिक परेशानी आती है। सबसे पहले तो इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि घर में ह्यूमिडिटी को कम से कम किया जा सके। दूसरे इस बात के चलते घर के इंटीरियल पर कोई खास असर न पड़े। यदि आप बारिश के मौसम का भरपूर लुत्फ उठाना चाहते है तो इसके लिए आपको घर में कुछ बदलाव करना जरूरी है। आइए जाने ये बदलाव कैसे करें।

## हरी-भरी गली

इंडोर प्लांट्स के लिए मानसून सबसे अच्छा मौसम होता है। इस वक्त धूप कम होती है, इसलिए अपने सभी आउटडोर प्लांट्स को निकाल कर बारिश में रख सकते हैं। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपके प्लांट्स हरे-भरे और आकर्षक लगेंगे।

## फ्रेश वार्डरोब

मानसून में अच्छी धूप न मिल पाने के कारण कपड़े गीले रह जाते हैं। इस कारण से वार्डरोब में गीले कपड़ों की बदबू आने लगती है। आडोनिल के एयरफ्रेशनेस पैक्स, नैपथलीन, बाल्स, कपूर, नीम की पत्तियां और लांस का उपयोग इस स्मेल, बैक्टीरिया और फंगस से बचा जा सकता है।

## कारपेट एवं रग्स

मानसून में सबसे ज्यादा परेशानी अपने कारपेट्स और रग्स को संभालने में होती है। कारपेट और रग्स को ड्राई क्लीन कराने के बाद इन्हें प्लास्टिक बैग्स में संभाल कर रख देना चाहिए।

## लेदर प्रॉडक्ट्स

नमी के कारण लेदर प्राडक्ट्स, शूज, हैंड बैग्स, लैपटॉप बैग्स, सीट्स और सोफा सेट में फंगस से बचाने के लिए लेदर क्लीनर्स से इन्हें साफ किया जा सकता है।

## कर्टन के तरीके

मानसून में भी फैब्रिक्स की लेयर्स नही होनी चाहिए। इससे ह्यूमिडिटी बढ़ती हैं। परदों में हलके फैब्रिक्स का उपयोग करें। इसके लिए रेग्यूलर बेसिस पर शिफान, नेट और स्पेशल ओकेजंस पर टस्सर सिल्क फैब्रिक में कर्टन चुनें।

## चांदी के सामान

चांदी को सर्वाधिक नुकसान आक्सिडाइजेशन से होता है, जो बारिश के मौसम में होता है। नमी और हवा में मौजूद आक्सीजन दोनों मिलकर चांदी को काला बना देते हैं। इन्हें बचाने के लिए ज्यूलरी और बर्तनों को काटन फैब्रिक और पेपर में लपेट कर रख सकते हैं।

## टच वुड

मानसून का असर वुडेन फ्लोरिंग पर भी देखने को मिलता है। एक तो ह्यूमिडिटी और दूसरे गीले कारपेट व मेट, दोनों मिलकर वुडेन फ्लोरिंग, किचन वुड शेल्फ को जल्दी खराब कर सकते हैं। अधिक नमी होने से लकड़ी भीगकर टूटने-मुड़ने लगती है। इसके लिए मानसून से पहले इन्हें वैक्स कोटिंग करा लेना चाहिए।

## इलेक्ट्रानिक गैजेट्स

मानसून के मौसम में कैमरा लैंस, कम्प्यूटर मॉनिटर, एलसीडी टेलीविजन में फंगस लग जाती है। कैमरा केस में नमी को कंट्रोल करने के लिए उसमें सिलिकन बेग रखे जा सकते हैं। कंप्यूटर मॉनिटर और एलसीडी टेलीविजन के आसपास नमी पैदा करने वाली चीजों जैसे कूलर को दूर रखना चाहिए। क्लीनिंग के वैक्यूम क्लीनर का उपयोग बेहतर विकल्प हैं।

# किराए का घर और साज-सज्जा

कई लोग जो किराये के घर में रहते हैं, उनके लिए घर की सजावट को लेकर कई समस्याएं होती हैं। विशेषकर उन लोगों के लिए, जिनका तबादला बार-बार होता रहता है। उनके लिए फर्नीचर भी ऐसा होना चाहिए, जिससे जगह बदलने पर मुश्किल न हो। जो लोग किराए के घरों में रहते हैं, वे अपना घर कैसे सजाएं? हम यहां किराए के घर में रहने वालों के लिए कुछ टिप्स दे रहे हैं।



- फर्नीचर हल्के बनवाएं। सोफे की जगह केन, रॉट आयरन-वुड कॉम्बीनेशन, मेकेनाइज्ड फर्नीचर या गद्दों का इस्तेमाल करें। ये फर्नीचर जल्दी नहीं टूटते हैं।
- अगर आप सोफा बनवाना चाहती हैं, तो गद्दी अलग रखवाएं।
- स्थानांतरण में इस्तेमाल होने वाले बड़े बॉक्स के ऊपर गद्दा डाल कर सेटी या मेज का काम ले सकती हैं।
- दीवारों पर न्यूट्रल रंग करवाएं, जो हर फर्नीचर के साथ अच्छा लगेगा।
- रोशनी के लिए टेबल लैंप या स्टैंडिंग लैंप लगवाएं। स्थायी व्यवस्था ना करें।
- घर में परदों का बहुत महत्व होता है। किराए के घर में अनेक बदरंगी दीवारों, अलमारियों आदि को ढंकने के लिए खूबसूरत परदे लगाएं।
- परदे खूबसूरत, शालीन व ऐसे रंगों के लें, जो आप घर बदलने पर भी इस्तेमाल कर सकें।
- फोल्डिंग डाइनिंग टेबल बहुउपयोगी होती है। इसे आप किसी भी कमरे में रख सकती हैं। यह जगह भी कम घेरेगी।
- घर के अंदर सिल्क प्लांट का इस्तेमाल करें। ये नकली प्लांट बेहद खूबसूरत, टिकाऊ और इस्तेमाल में आसान होते हैं।
- बेड व सेटी में स्टोरेज बनवाएं, ताकि सामान ले जाते समय दिक्कत न हो।
- किराए के घर में महंगे, भारी-भरकम फर्नीचर रखने का मोह छोड़ें।
- अगर कमरे बड़े हैं, तो दो या तीन सिटिंग अरेंजमेंट कर सकती हैं।
- घर जमाते समय समान की लिस्ट बना लें कि आपके पास क्या-क्या है और कौन-सी चीज आपने अटारी में रखी है।



# साफ-सफाई के बेहतर टिप्स

बरसात के मौसम घर में अनेक वस्तुओं की साफ-सफाई करनी पड़ती है। इसके लिए ये टिप्स आपके लिए काफी मददगार साबित होंगे।

- अगर कपड़े की झाड़न पर गर्द कुछ ज्यादा हो गई हो और सफाई में दिक्कत आ रही हो तो हाथों को थोड़ा गीला कर कपड़े पर फिरा दें फिर जल्दी से उसे ब्रश से झाड़ डालें नमी की वजह से कपड़े की पूरी गर्द आसानी से उतर जाएगी।
- रजाई-तकिए के कवर धोकर आखिरी बार खंगालते समय पानी में थोड़ा सिरका मिला दीजिए। अब देखिए चमत्कार, सिरके के अम्ल से कपड़ों से साबुन का क्षार फौरन उतर जाएगा। इससे कवर का कपड़ा भी मुलायम हो जाएगा।
- रजाई के कवर को आसानी से चढ़ाने के लिए धोने के बाद उलटा सुखा दें। उलटे कवर के अंदर रजाई के दोनों कोने डालकर गोल-गोल लपेटते जाएं। जब रजाई पूरी गोल हो जाए तो नीचे वाला सिरा खींच लें। रजाई के दोनों कोनों को पकड़ लें और साथ-साथ उठाकर दो तीन बार झटक दें। उलटा हुआ कवर सीधा होकर रजाई पर आसानी से सीधा होकर चढ़ जाएगा।
- आपके यहां डस्टबिन मेटल का है तो आप उसके अंदर से आने वाली बदबू से जरूर परेशान हो सकते हैं। इसका आसान सा इलाज है। मेटल के कूड़ेदान की बदबू खत्म करने के लिए उसमें पुराने अखबार डाल कर आग लगा दें। आग समस्या का समाधान कर देगी।
- टॉयलेट में बहुत बदबू आ रही हो तो थोड़ी देर के लिए इसे हटाने के लिए माचिस की तीली जला देना भर काफी है।
- आपके घर भी यदि खारा पानी आता है और आपके बाथरूम में हर चीज इसकी वजह से सफेद हो गई है तो आप इन सभी को पैराफिन से साफ कर सकते हैं। इससे बाथरूम का फर्श, बाथ टब और टोंटियां और वाशबेसिन साफ हो जाते हैं। इन पर जमे साबुन की चिकनाई और भी मैल साफ हो जाता है और पैराफिन से इनकी चमक भी लौट आती है।
- बाथरूम में पानी की टपकने या कहीं-कहीं पानी जमने से बने भूरे धब्बों को नमक और सिरके की बराबर मात्र के मिश्रण से दूर किया जा सकता है। टब, बाल्टी या पानी भरने के दूसरे बर्तन में भी यदि सफेदी जमा हो गई-हो तो इसी विधि को उन पर भी आजमा सकते हैं।





# दीवानगी ड्रेप्ड ड्रेसेज की

आजकल लड़कियां बॉलीवुड और हॉलीवुड की नकल तेजी से कर रही हैं। हॉलीवुड में चर्चित ड्रेप्ड ड्रेसेज का चलन इंडिया में भी तेजी से बढ़ रहा है। किसी खास पार्टी में इस तरह की ड्रेस पहने कोई न कोई दिख ही जाएगा। इन दिनों लड़कियों को ड्रेप्ड ड्रेस खूब भा रहा है। गाउन से मिलती-जुलती ड्रेप्ड ड्रेस बिल्कुल लेटेस्ट फैशन है।

## क्या है ड्रेप्ड ड्रेस

जैसा कि इसके नाम से ही लग रहा है कि यह कोई ऐसा ड्रेस है जो लपेटा हुआ होता है। यदि आप इस ड्रेस को देखें तो ऐसा लगेगा कि किसी ने टॉवेल या बेडशीट लपेट लिया हो, लेकिन ऐसा नहीं है। यह एक पूरा का पूरा ड्रेस है। अपने देश में इसका चलन अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन विदेशों में यह खूब पसंद किया जा रहा है। रिएलिटी शो बिग बॉस में हॉलीवुड एक्टर्स पामेला एंडरसन ने इस ड्रेस को पहन कर लोगों को ड्रेप्ड ड्रेस से रूबरू कराया था। अधिकांश लोग तो समझ ही नहीं पाए थे कि टॉवेल जैसी दिखने वाली यह ड्रेस आखिर में है क्या ? क्या पॉमेला ने कोई कपड़ा लपेटा है या यह कोई खास ड्रेस है। फैशन डिजाइनर मानते हैं कि ड्रेप्ड ड्रेस फिटेड हो या लूज, अगर इसे अच्छे से कैरी करेंगी, तो वह खूब फबेगी। ड्रेप्ड ड्रेसेस को अभी तक बड़े महानगरों में ही पार्टियों में पहने देखा गया है।



## स्टाइल व पैटर्न

गाउन जैसा दिखने वाला ड्रेप्ड ड्रेस फैशन में लेटेस्ट ट्रेंड है। इस ड्रेस में सिलुएट्स व नॉट्स पैटर्न को खूब यूज किया जाता है। ड्रेप्ड ड्रेस को लूज ड्रेस माना जाता है, लेकिन डिफरेंट स्टाइल के कारण पतली लड़कियों को भी खूब पसंद आता है। कभी-कभार पहने जाने वाला यह ड्रेस काफी बोल्ड व सेक्सी लुक देती है।



## अलग-अलग है वैरायटी

अगर ड्रेप्ड ड्रेस की बात करें, तो यह कई वैरायटी में उपलब्ध हैं। आप इसे शॉर्ट, लॉन्ग, फिटेड व लूज पैटर्न में डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे, यह इटैलियन ड्रेस है, जो काफी हद तक जंप सूट से मिलती- जुलती है। इस ड्रेस की खूबी है कि इसे 20 से लेकर 40 साल तक की महिलाएं बड़ी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

## सिलेब्रिटीज की है खास पसंद

वैसे तो ड्रेप्ड ड्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस की पहली पसंद है, लेकिन अब यह इंडिया में भी पॉपुलर होने लगी है। यह ड्रेस अभी बॉलीवुड तक ही सीमित है। फैशन डिजाइनर मानते भी हैं कि यह बॉलीवुड एक्ट्रेस को खास पसंद आ रहा है। यह एलिगेंट ड्रेस है और इंडियन वुमन की फिगर के हिसाब से एकदम परफेक्ट है। बॉलीवुड की एक्ट्रेस सोनम कपूर, कंगना राणावत, रानी मुखर्जी को ड्रेप्ड ड्रेस बहुत पसंद है और इनकी वजह से ही आम लड़कियों और महिलाएं भी इस ड्रेस की ओर अट्रैक्ट हो रही हैं।

## बेस्ट फैब्रिक

अगर आप ड्रेप्ड ड्रेस डिजाइन करवा रही हैं, तो इसके लिए जरूरी है बेस्ट फैब्रिक का चुनाव। चूंकि ड्रेप्ड ड्रेस में सिलुएट्स व नॉट्स खूब यूज की जाती हैं, ऐसे में लाइट कलर के फैब्रिक का चुनाव करना चाहिए। लाइट फैब्रिक में जॉर्जेट, साटन, जरदोजी, क्रेप, लिनन व जॉर्जेट का चुनाव बेहतर रहता है। यदि आप इंडो-वेस्टर्न लुक चाहती हैं तो उसके लिए भी ड्रेप्ड ड्रेस परफेक्ट है।

## परफेक्ट कलर

ड्रेप्ड ड्रेस के लिए ब्राइट कलर चुनें। दरअसल, यह ड्रेस वेस्टर्न कॉन्सेप्ट पर बेस्ड है। ऐसे में ब्लैक, रेड, ग्रे व क्रीम कलर ट्राई कर सकती हैं। वैसे, अम्बर प्रिंट्स में भी ड्रेप्ड ड्रेस खूब पसंद की जा रही है। इसे आप दो से तीन कलर में डिजाइन करवा सकती हैं। वैसे तो ड्रेप्ड ड्रेस प्लेन फैब्रिक में ही ज्यादा पसंद की जाती है, लेकिन आप इसे शादी व पार्टी के पर्पज से चाहती हैं तो इसमें स्वरोस्की, नग, लेस व सितारा वर्क करवा सकती हैं।

# क्या हुआ इन क्या हुआ आउट


## कलरफुल बीड्स



इन दिनों कलरफुल बीड्स का फैशन काफी इन है। खासतौर पर वाइट ड्रेस के साथ इसे खूब कैरी किया जा रहा है। चाहे आप शर्ट पहनें या सूट, बीड्स के साथ कैरी करने के लिए इसे प्लेन होना चाहिए।

## सिट्रस शेड्स

आजकल सिट्र्स शेड्स बेहद डिमांड में हैं। इनमें कुर्तियां, फ्लो वाली ड्रेसेज, चूड़ीदार सूट, अनारकली सूट्स, ट्यूनिक्स और साड़ियां जैसी तमाम ड्रेसेज शामिल हैं।



## प्लेन जूलरी

इन दिनों प्लेन जूलरी बिल्कुल पसंद नहीं की जा रही है। इसकी जगह थीम पर बेस कॉकटेल जूलरी हॉट बनी हुई है, जो विक्टोरियन व मुगलकाल से इंस्पायर्ड है।

## टाइट फिटेड जींस

टाइट फिटेड जींस इस सीजन में फैशन से बाहर हो गई है। हालांकि लेगिंग्स में टाइट लेगिंग्स अभी भी हॉट बनी हुई हैं।

## हरियाणा की खापों में प्रेम विवाह पर बहस छिड़ी

चंडीगढ़ । हरियाणा मे विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर प्रेम विवाह लिव इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह पर बहस छिड़ गयी है। जींद में खाप पंचायतों की बैठक के बाद नेताओं ने कहा कि प्रेम विवाह में माता पिता की शर्त जरूरी है क्योंकि कोई भी माता पिता अपने बच्चों का गलत नहीं चाहते हैं। जींद में बिनैन खाप के मुखिया रघुबीर नैन ने कहा कि हम खाप प्रेम विवाह के खिलाफ नहीं हैं लेकिन माता-पिता की सहमति बहुत जरूरी है। रघुबीर नैन ने कहा कि लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह पर भी रोक लगनी चाहिए। हम इन मुद्दों को उठाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी से मिलेंगे और मौजूदा सरकार पर दबाव बनाने के लिए विपक्ष के नेताओं से भी मिलेंगे। अगर हमारी मांगों और हिंदू कोड बिल में संशोधन पेश नहीं किया गया तो हम विरोध प्रदर्शन करेंगे। खाप पंचायतों की बैठक में तीनों मुद्दों पर सर्वसम्मति दिखाई दी। खाप नेता इन मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। जींद में बैठक के बाद खाप नेताओं ने इसके संकेत दिए। हरियाणा में खाप पंचायतों के मीटिंग ऐसे वक्त पर हुई है जब राज्य में बारिश का मौसम खत्म होते ही विधानसभा चुनाव होने हैं। खाप पंचायतें पहले भी प्रेम विवाह का विरोध करती आई हैं। अब उन्होंने माता-पिता की मंजूरी का जरूरी और समान गोत्र में शादी को प्रतिबंधित करने की मांग की है। गौरतलब है कि हरियाणा कई जिलों में खाप पंचायतों का काफी प्रभाव है।

## नशे में धुत नग्न कपल सड़कों पर घूमा

नागपुर । यहां के बजाज नगर इलाके में आधी रात को कुछ लोगों की नजर एक कपल पर पड़ी। इस कपल के शरीर पर कपड़े नहीं थे। अज्ञात नग्न जोड़े को राहगीर देखकर चौंक गये। कुछ लोगों ने कपल का वीडियो बना कर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो में दिखा कि महिला-पुरुष का यह जोड़ा आपस में झगड़ रहा है। वीडियो वायरल हुआ और नागपुर पुलिस ने कपल की जांच शुरू कर दी। वहां मौजूद लोगों ने दावा किया कि कपल नशे में था जबकि पुलिस का दावा है कि यह जोड़ा मानसिक रूप से अस्वस्थ्य था इसलिए कार्रवाई नहीं की गई। सड़क पर बहस करते इस नग्न जोड़े का एक वीडियो रविवार सुबह तक सोशल मीडिया पर छा गया। अधिकांश लोगों ने टिप्पणियों में शहर में अक्सर होने वाली ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की है। हाल ही में दो जोड़े बाइक और चलती कार में अंतरंग होते हुए वीडियो में कैद हुए थे। पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई की और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## प्रेमी के चेहरे पर फेंका तेजाब, प्रेमिका गिरफ्तार

आगरा । आगरा में एक प्रेमिका ने अपपने प्रेमी पर तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 27 जुलाई को हरीपर्वत क्षेत्र के शास्त्रीनगर में एक युवक अपनी दुकान पर बैठा था। तभी वहां एक महिला आई। उसने अपने थैले से एक डिब्बा निकाला और युवक के चेहरे पर तेजाब फेंक दिया। इसके बाद महिला फरार हो गई थी। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने जब पीड़ित से पूछताछ की तो उसने बताया कि तेजाब फेंकने वाली महिला से पहले उसके प्रेम संबंध थे। वो उसकी प्रेमिका थी। जब उसने प्रेमिका से शादी करने को कहा तो उसने मना कर दिया था। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे से दूरी बना ली थी। कुछ दिन पहले उसकी किसी दूसरी युवती से शादी तय हो गई। प्रेमिका को इसकी जानकारी हुई। उसने मिलने के लिए कहा। 27 तारीख को मिलने के बहाने दुकान पर आई थी। वो कुछ समझ पाता इससे पहले उसने तेजाब फेंक दिया। पुलिस ने तहरीर के बाद युवक की पूर्व प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है।

## जनसंख्या वृद्धि बच्चे पैदा करने से नहीं, घुसपैठ के कारण बढ़ रही : विहिप

जोधपुर। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि हिंदुओं को दो से तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि बच्चे पैदा करने से नहीं, बल्कि घुसपैठ के कारण बढ़ रही है। उन्होंने यूपी में खाने-पीने की दुकान के बाहर संचालक का नाम लिखे जाने की पैरवी की। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार नही, बल्कि कांग्रेस की मनमोहन सरकार ने 2011 में फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट में बदलाव कर संचालक का नाम लिखने का आदेश दिया था। आलोक ने मंदिरों में अंग्रेजी बोलने वाले पुजारियों के लिए इंस्टीट्यूट शुरू करने की बात भी कही। आलोक विहिप के केंद्रीय अधिवेशन में शामिल होने जोधपुर गए थे। मीडिया से चर्चा में आलोक ने कहा कि चीन ने एक नियम बनाया है। इसमें एक ही बच्चा रखने की बात कही गई है। इससे बच्चों की जनसंख्या घटने लगी है। ऐसे में बुजुर्गों की संख्या बढ़ जाती है। रिसर्च कहती है कि एक बच्चा अहंकारी हो जाता है। उसे किसी से मिलना-जुलना अच्छा नही लगता। इसलिए हमारा मानना है कि दो या तीन बच्चे ही घर में अच्छे होते हैं। हम उसके लिए प्रयत्न करेंगे और लोगों को समझाएंगे भी। उन्होंने कहा कि जनसंख्या का असंतुलन केवल बच्चे पैदा करने में बढ़त की वजह से ही नहीं हो रहा है। वह घुसपैठ के कारण भी हो रहा है।

## मॉडल स्टेट गुजरात में हर चौथा बच्चा कुपोषण का शिकार

अहमदाबाद। लोकसभा में पेश की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात में 5 साल से कम उम्र के 39.73 फीसदी बच्चे कुपोषित हैं। यानी राज्य में हर चौथे बच्चे में कुपोषण की समस्या है7 इसके अलावा 21.39 फीसदी बच्चे कम वजन के पाए गए। जून 2024 में कुपोषण की सबसे अधिक समस्या वाले राज्यों में गुजरात छठे स्थान पर था। उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 46.36 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 44.59 प्रतिशत, असम में 41.98 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं। बच्चों में कुपोषण के मामले में गुजरात की स्थिति त्रिपुरा, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से भी बदतर है। गुजरात में बाल कुपोषण की स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। वर्ष 2022 में 51.92 प्रतिशत और वर्ष 2023 में 43.78 बच्चे कुपोषित थे। ऐसा लगता है कि सरकार को कुपोषण की इस स्थिति को दूर करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। मिशन पोषण 2.0 के तहत पिछले 3 साल में गुजरात को 2879.30 करोड़ रुपये का फंड दिया गया है. इसमें से केवल 1310.23 करोड़ रुपये की धनराशि का उपयोग किया गया है। राज्य के बच्चे न केवल कुपोषित हैं, बल्कि कम वजन के भी हैं। 5 साल तक के 21.39 फीसदी बच्चे कम वजन के हैं। गुजरात में 2023 में 20.40 प्रतिशत, 2022 में 23.54 प्रतिशत बच्चे कम वजन के थे। जिससे प्रतीत होता है कि इस मामले में सिस्टम की ओर से भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है. जून 2024 तक देश में 36.52 प्रतिशत बच्चे कुपोषित और 16.43 प्रतिशत बच्चे कम वजन के हैं। ऐसे में गुजरात की हालत देश के औसत से भी कमजोर है. कम वजन की समस्या वाले बड़े राज्यों में मध्य प्रदेश के बाद गुजरात दूसरे स्थान पर है।

## लव जिहाद की आशंका : युवती का चेहरा और प्राइवेट पार्ट कुचलकर बेरहमी से कर दी हत्या, प्रदर्शन शुरु

मुंबई। नवी मुंबई में एक 20 साल की युवती की बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी दाऊद शेख ने पहले युवती का सिर कुचला, जिससे उसकी मौत हो गई,इसके बाद भी मन नहीं भरा तो उसका प्राइवेट पार्ट कुचल दिया। हत्यारा फरार है और लोगों में भारी नाराजगी है, जिसके चलते विरोध प्रदर्शन शुरु हो गए हैं लोग इसे लव जिहाद का मामला मान रहे हैं। मृतका यशश्री नवी मुंबई के बेलापुर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। 25 जुलाई को वह सुबह काम पर निकली, लेकिन तब से उसका कुछ पता नहीं चला। उसका शव 27 जुलाई को उरण में मिला। उसके शरीर पर धारदार हथियार से वार के कई निशान हैं। कथित तौर पर आरोपी ने हत्या करने के बाद शव को क्षत-विक्षत किया। यशश्री शिंदे के पिता ने पुलिस को दिए अपने बयान में दाऊद शेख नाम के शख्स पर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं, मेडिकल जांच के बाद पता चलेगा कि लड़की के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। पुलिस ने आरोपी की तलाश के लिए तीन टीमें बनाई हैं। पुलिस को शक है कि आरोपी बेंगलुरु (कर्नाटक) भाग गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब यशश्री शिंदे 11वीं में पढ़ती थी तो आरोपी दाऊद शेख ने कथित तौर पर उसके साथ अश्लील हरकत की थी। तब यशश्री नाबालिग थी, इसलिए दाऊद शेख के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया था। इस बीच पूरी घटना को लव जिहाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। डिप्टी कमिश्नर (डीसीपी) विवेक पानसरे ने बताया कि रात 2 बजकर 15 मिनट पर युवती का शव बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि पीड़िता बेलापुर में काम करती थी और उसने शुक्रवार को आधे दिन की छुट्टी ली थी।

# सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक कदम, शुरू हुआ विशेष लोक अदालत, सीजेआई ने की यह खास अपील



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों की संख्या कम करने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट ने अपनी पहली विशेष लोक अदालत शुरू की है। लोक अदालत 29 जुलाई से 3 अगस्त तक लगेगी। लोक अदालत हर दिन दोपहर 2 बजे के बाद आयोजित की जाएगी और मामले की सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के दो न्यायाधीश, एक वरिष्ठ वकील और एक एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड होंगे। इस मौके पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस पूरे हफ्ते सुप्रीम कोर्ट की 7 बेंचों द्वारा लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। आज हमारा अनुभव यह था कि यह एक ज़बरदस्त सफलता थी। लोक अदालत जिसमें बार, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों का सहयोग है और उच्च न्यायालयों, राज्य सरकारों और बीमा कंपनियों द्वारा व्यापक जमीनी काम किया गया है।

सीजेआई ने आगे कहा कि विचार यह है कि छोटे-छोटे मामले निपटाए जाएं। लोगों को पता ही नहीं चलता कि सुप्रीम कोर्ट में छोटे-छोटे मामले कैसे आते हैं। इसलिए हमने सेवा विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, मोटर दुर्घटना दावा मामले, चेक अनादरण मामले से जुड़े मामलों को चुना। उन्होंने आगे कहा कि न्यायाधीशों के साथ लोक अदालत पैनल के हिस्से के रूप में बार सदस्यों की उपस्थिति ने पूरे समाज में सही संदेश भेजा है कि हम न्याय करने के अपने प्रयासों में एकजुट हैं, खासकर इन छोटे मामलों में शामिल नागरिकों को। मुझे उम्मीद है कि यह लोक अदालत अब भविष्य में उच्चतम न्यायालय में संस्थागत हो जायेगी।

डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि मुझे एक मामला याद है जिसमें पति ने तलाक की कार्यवाही पटियाला हाउस कोर्ट में दायर की थी और उसकी पत्नी ने भरण-पोषण की कार्यवाही दायर की थी और बच्चों की कस्टडी के लिए याचिका दायर की थी। प्री-लोक अदालत की बैठक में दोनों एक साथ आए और दोनों ने फैसला किया कि वे साथ रहेंगे। इसलिए जब वे दोनों लोक अदालत के सामने आए, तो मैंने उनसे पूछा, उन्होंने कहा कि उन्होंने खुशी-खुशी साथ रहने का फैसला किया है। पत्नी ने कहा कि मुझे भरण-पोषण नहीं चाहिए क्योंकि हम बहुत खुशी से साथ रह रहे हैं।

सीजेआई ने कहा, ''अपने सभी सहयोगियों और उच्चतम न्यायालय के कर्मचारियों की ओर से, मैं उन सभी नागरिकों या वकीलों से अपील करूंगा, जिनके मुकदमे उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं कि वे अपने मुकदमों का तेजी से निपटारा करने की कवायद के तहत इस अवसर का फायदा उठाएं।

वरिष्ठ वकील और राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक ऐतिहासिक दिन है। इस न्यायालय के इतिहास में पहले कभी नहीं, न्यायालय छोटे-छोटे मामलों के लिए उन लोगों तक पहुंचा है जो वर्षों तक लंबित रहते हैं। यह न्यायालय की मानसिकता को दर्शाता है कि वे कैसे सबसे गरीब लोगों तक पहुंचना चाहते हैं जो वर्षों तक इस मुकदमे से निपटने में सक्षम नहीं हैं, जिला-स्तरीय कानूनी सेवा प्राधिकरण तक पहुंचें, प्रयास करें और उन्हें हल करें, और फिर उन मामलों के अंतिम समाधान के लिए इसे यहां भेजें। मुझे इस प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए मुख्य न्यायाधीश और पूरे सुप्रीम कोर्ट को बधाई देनी चाहिए।

## सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ बीजेपी-जेडीएस की संयुक्त पदयात्रा... 3 अगस्त से

बेंगलुरु। कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ बीजेपी-जेडीएस ने संयुक्त तौर पर मोर्चा खोलने की घोषणा की है। दोनों दलों की ओर से भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर 3 अगस्त से पदयात्रा निकलेगी। इसमें दोनों दलों के बेंगलुरु से मैसूर तक एक सप्ताह की पदयात्रा करने का ऐलान किया है। पदयात्रा में मैसूर में कथित भूमि आवंटन घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग कर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से इस्तीफे मांगा जाएगा। राज्य में मुडा घोटाले को लेकर सियासत जारी है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम वरिष्ठ बी एस येदियुरप्पा ने सिद्धारमैया से इस्तीफे की मांग की है। सिद्धारमैया सरकार के खिलाफ बीजेपी और जेडीएस की संयुक्त मीटिंग हुई थी। मीटिंग के बाद दिग्गज भाजपा नेता येदियुरप्पा ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के खिलाफ बेंगलुरु से मैसूर तक हम पैदल यात्रा करने वाले हैं। हम जनता से आह्वान करते हैं कि वे इसमें हमारा साथ दे। मैं राज्य की जनता से अपील करना चाहता हूं कि वे अधिक से संख्या में इस मार्च में शामिल हों। जब तक यह सरकार इस्तीफा नही देती है, तब तक तक प्रदर्शन जारी रहेगा। जब तक मुख्यमंत्री इस्तीफा नहीं दे देते हैं, तब तक हम संघर्ष जारी रखा जाएगा। वहीं दूसरी ओर बेंगलुरु पहुंची केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कर्नाटक में महंगाई और खराब कानून-व्यवस्था कांग्रेस सरकार की देन है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया द्वारा राज्य के साथ अन्याय करने के आरोप पर सीतारमण ने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से ईंधन, दूध और स्टांप शुल्क की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ बदहाल पूंजीगत व्यय के कारण खराब हुई है।

# बाहरियों को बेची गई अयोध्या की जमीन, सांसद अवधेश प्रसाद ने भूमि घोटाले की जांच की मांग की



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने सोमवार को अयोध्या शहर और उसके आसपास कथित भूमि घोटाले की जांच की मांग की और दावा किया कि भाजपा ने क्षेत्र के लोगों को धोखा दिया है। लोकसभा में बजट पर बहस में भाग लेते हुए, प्रसाद ने आरोप लगाया कि भाजपा अयोध्या के नाम पर राजनीति और व्यापार में लगी हुई है और इसलिए, शहर के लोगों ने भगवा पार्टी को खारिज कर दिया है। प्रसाद पिछले आम चुनाव में उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुने गए थे जिसके अंतर्गत अयोध्या आता है। उन्होंने दावा किया, बजट में अयोध्या और उत्तर प्रदेश का कोई जिक्र नहीं है। भाजपा ने अयोध्या के नाम पर केवल राजनीति और व्यापार किया है। भाजपा ने अयोध्या के लोगों को चोट पहुंचाई है।

राम मंदिर के निर्माण के दौरान मंदिर शहर और उसके आसपास कथित भूमि घोटाले की जांच की मांग करते हुए, सपा नेता ने कहा कि संसद को कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एक समिति का गठन करना चाहिए और रिपोर्ट सदन में पेश की जानी चाहिए। देश के लोगों को पता होना चाहिए कि कैसे अयोध्या के लोगों को धोखा दिया गया, कैसे अयोध्या को नष्ट किया गया और कैसे बुलडोजर का उपयोग करके इमारतों को नष्ट कर दिया गया। प्रसाद ने दावा किया कि भाजपा देश से 'सफाया' हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी 2027 में यूपी में और 2029 में पूरे देश में हार जाएगी। बहस में भाग लेते हुए, भाजपा नेता विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को पूरा करेगा।

उन्होंने कहा कि एक गरीब का बेटा होने के नाते मोदी देश के गरीब लोगों का दर्द समझते हैं और इसलिए वे वंचित लोगों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए 2 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे 10 वर्षों में देश के चार करोड़ युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने में मदद मिलेगी।

## राहुल गांधी पर राजनाथ का पलटवार, बोले- अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की हो रही कोशिश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताई, जहां गांधी ने दावा किया था कि युवाओं को अग्निवीर %चक्रव्यूह% में फंसा दिया गया है और सरकार ने अग्निवीरों के लिए पेंशन के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया है। विपक्षी नेता के भाषण के बाद लोकसभा में एक बयान में रक्षा मंत्री ने गांधी के दावों पर आपत्ति जताई और कहा कि योजना के संबंध में देश को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। सिंह ने विपक्षी नेता के अनुरोध पर सदन के समक्ष अग्निवीर पर एक विस्तृत बयान देने की इच्छा व्यक्त की।

राजनाथ ने इस दौरान साफ तोर पर कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने बजट से संबंधित जो भी भ्रांतियां पैदा की हैं, उस पर वित्त मंत्री जवाब देते समय बात करेंगी। मेरा मानना है कि बजट को लेकर कई भ्रांतियां पैदा की गई हैं। सिंह ने कहा, ''देश की सुरक्षा का मुद्दा संवेदनशील मुद्दा है। सेना से जुड़े अग्निवीरों को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। जब भी आपका (लोकसभा अध्यक्ष) आदेश होगा मैं अग्निवीरों को लेकर अपना बयान देने के लिए तैयार हूं।''

इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि रक्षा मंत्री ने पहले भी कहा था कि एक 'शहीद' अग्निवीर के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, ''उनकी बात गलत थी। उस परिवार को बीमा दिया गया था, मुआवजा नहीं। यह सच है। इसे कोई नकार नहीं सकता।'' राहुल गांधी के भाषण के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सदन के नियमों के बारे में पता होना चाहिए और उन्हें सदन की कार्य प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए।

## राजस्थान में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े : गहलोत

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को आरोप लगाया कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद से अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं तथा मुख्यमंत्री को इन मामलों का संज्ञान लेकर दलितों एवं आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। शेरगढ़ में हुई एक घटना की खबर साझा करते हुए गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 'राजस्थान में हमारी सरकार के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जाती थी एवं पुलिस हमेशा पीड़ित पक्ष के साथ मजबूती से खड़ी दिखती थी।' उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बदलने के बाद से ही प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के खिलाफ अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दलितों एवं आदिवासियों के विरुद्ध अपराधों में दिसंबर 2023 की तुलना में 2024 के जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई और जून में क्रमश- 32.7 फीसदी, 33.7 प्रतिशत, 34.1 फीसदी, 19.5 प्रतिशत, 62.5 फीसदी एवं 53.37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। गहलोत ने कहा कि जोधपुर की यह घटना दिखाती है कि दलितों के खिलाफ अत्याचारों पर सरकार और पुलिस का कोई ध्यान नहीं है।' उन्होंने दावा किया, 'पुलिस आरोपियों को पकड़ नहीं पा रही है, लेकिन आरोपी पीड़ितों पर आसानी से हमले कर पा रहे हैं।' गहलोत ने कहा कि ऐसी घटनाएं राजस्थान की सरकार के 'माथे पर कलंक' हैं जिनकी जिम्मेदारी से 'वह बच नहीं सकती है।' उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री जी को स्वयं संज्ञान लेकर दलितों एवं आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

## शरद पवार ने महाराष्ट्र में मणिपुर जैसी अशांति की आशंका पर चिंता जताई



**लखनऊ (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र में मणिपुर जैसी अशांति की आशंका पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के विकास के लिए सामाजिक एकता जरूरी है।

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि वह ऐसा क्यों सोचते हैं। रविवार शाम को सामाजिक एकता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवार ने मणिपुर में जातीय संघर्ष से निपटने के केंद्र सरकार के तरीके की भी आलोचना की। मणिपुर में पिछले साल मई में शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। पवार ने कहा, ''हमारे देश के विकास और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सामाजिक एकता आवश्यक है। तनाव और विभाजन की वर्तमान स्थिति चिंताजनक है। देश में बढ़ते मतभेद के लिए जाति, धर्म और से परे एकता की आवश्यकता है। सामाजिक एकता को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी सरकार की है।'' उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश सरकार इन मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाने में विफल रही है। मणिपुर में पिछले साल मई से ही बहुसंख्यक मेइती समुदाय और कुकी आदिवासियों के बीच बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि उन्होंने अभी तक हिंसा से प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य का दौरा नहीं किया है। उन्होंने दावा किया कि प्रभावित लोगों की परेशानी को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री की ओर से स्पष्ट रूप से प्रयासों की कमी दिखाई दे रही है।

# केशव हैं कि मानते नहीं, फिर दिखाए अपने तेवर, कहा- सरकार के बल पर नहीं जीता जाता चुनाव



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति में लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर चर्चा हुई। ओबीसी कार्यसमिति की बैठक में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक बार फिर अपने तेवर दिखाए हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार के बल पर चुनाव नहीं जीता जाता है। उन्होंने कहा कि पार्टी ही जीतती है। उत्तर प्रदेश में लोकसभा का चुनाव अति आत्मविश्वास से हारा गया है। ओबीसी कार्यसमिति की बैठक में केशव प्रसाद ने कहा कि समाज और सरकार एक दूसरे के पूरक हैं। सरकार और संगठन दोनों मिलकर ही सरकार चलाते हैं।

भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) के रूप में माता प्रसाद पांडे की नियुक्ति को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर 'पीडीए' कटाक्ष किया। यादव ने लोकसभा चुनाव से पहले पीडीए का संक्षिप्त नाम तैयार किया और आरोप लगाया कि उनकी प्रतिद्वंद्वी पार्टियों ने पीडीए - 'पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक' (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) समुदाय के लिए कुछ नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने रविवार को सात बार के विधायक माता प्रसाद पांडे को राज्य विधानसभा में एलओपी नियुक्त किया।

सोमवार को विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से पहले मीडिया से बात करते हुए मौर्य ने अखिलेश यादव की आलोचना करते हुए कहा कि अखिलेश की असलियत उजागर हो गई है. उन्होंने दोहराया कि पीडीए एक महत्वपूर्ण धोखाधड़ी का प्रतीक है और माता प्रसाद पांडे के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करते हुए उन्हें उनकी नई भूमिका के लिए बधाई दी। मौर्य ने यह भी बताया कि मौजूदा फीडबैक से पता चलता है कि लोकसभा चुनाव में वोट हासिल करने के लिए अखिलेश यादव ने लोगों को गुमराह किया, जिससे उस वर्ग के नेताओं में भारी निराशा हुई, जिनकी कई आकांक्षाएं थीं।

# लगातार हो रहे आतंकी हमलों की वजह: जम्मू कश्मीर के लोग ही आतंकियों को दे रहे शरण?

**जम्मू (एजेंसी)।** घर का भेदी लंका ढाह। ये कहावत जम्मू कश्मीर के उन लोगों पर सटीक बैठ रही है जो पाकिस्तान से आए आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। सुरक्षा बलों की धरपकड़ और जांच एजेंसियों की जांच में कुछ इस तरह के इनपुट मिले हैं। गिरफ्तारियों ने जम्मू-कश्मीर के जम्मू क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों के फिर से उभरने में स्थानीय समर्थन के संदेह को बल दिया है। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों ने अलर्ट रहकर पड़ताल की उसके बाद आतंकवाद से संबंधित गतिविधियों का समर्थन करने के लिए दो ओवर ग्राउंड वर्कर्स की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। वे हैं गम्मी का बेटा लायाकत अली उर्फ पावु जो वार्ड नंबर 7 कलना धनु परोल, बिलावर, कठुआ का रहने वाला है। दूसरा मूल राज, उर्फ जेनजू, उत्तम चंद का बेटा, बाउली मोहल्ला, मल्हार, कठुआ जिले का ही निवासी।अली और राज पीर पंजाल पर्वतमाला में घनी बस्तियों के निवासी हैं जो जम्मू-कश्मीर से होकर गुजरती है। यह इलाका दक्षिण में जम्मू और उत्तर में कश्मीर घाटी से घिरा है। निवासी मीलों दूर रहते हैं। यह वह इलाका है, जहां इंटरनेट सर्विस तो दूर मोबाइल नेटवर्क भी नहीं है। यहां रात में किसी के दस्तक देने का मतलब कोई आतंकवादी है, पुलिस या कोई परिवार का सदस्य।

स्थिति गंभीर प्रश्न उठाती है। ये पाकिस्तानी आतंकवादी इस चुनौतीपूर्ण परिदृश्य में घातक हमले करने और पकड़ से बचने के लिए कैसे मैनेज करते हैं? क्या उनके पास कोई स्थानीय समर्थन प्रणाली है, या वे गरीब ग्रामीणों को बंदूक की नोक पर धमकाकर या रुपयों का लालच देकर शरण ले रहे हैं? अधिकारियों ने लंबे समय से दावा किया है कि इन पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए स्थानीय समर्थन महत्वपूर्ण है, जिन्हें जगह की स्थिति की जानकारी नहीं है। एक सेवानिवृत्त सेना अधिकारी ने कहा, स्थलाकृति और सुरक्षा लेआउट से अपरिचित विदेशी आतंकवादी स्थानीय मार्गदर्शन के बिना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकते हैं। वे अपने ठिकाने से एक कदम भी बाहर नहीं जा सकते। लेकिन उन्होंने अपनी जगह चुनी और वहीं पर हमला किया जो स्थानीय समर्थन और रास्ता दिखाए बिना संभव नहीं है। सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, जंगल युद्ध में प्रशिक्षित 60 से अधिक विदेशी आतंकवादी जम्मू क्षेत्र में छोटे समूहों में सक्रिय हैं। ये समूह इरीडियम सैटेलाइट फोन और थर्मल इमेजरी सहित उन्नत तकनीक से लैस हैं। वे अमेरिकी एम4 कार्बाइन जैसे हाइटेक हथियारों का उपयोग करते हैं।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रधान संपादक-देवेंद्र सिंह*** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**